Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/सरगढ़/2020-2022
# घटती घटना
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -76 रविवार,15 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

पराधीन को जिंदा कहें तो फिर मुर्दा कौन है ?

-हितोपदेश-

# मकर संक्रांति पर सिंहनाथ मंदिर में मची भगदड़



### दो की मौत,दर्जनों घायल

**भुवनेश्वर,14 जनवरी 2023 (ए)।** ओडिशा के कटक जिले से एक बड़ी खबर है। कटक के बड़बा के टी ब्रिच पर श्रद्धालुओं के बीच जोरदार भगदड़ मच गई है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक टी ब्रिज पर मची इस भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा लगभग दर्जन भर से ज्यादा श्रद्धालू घायल बताए जा रहे हैं।

### डेढ़ लाख की संख्या में आ गए श्रद्धालू

मकर संक्रांति के दिन महानदी के बीच स्थित सिंहनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालू दर्शन के लिए आए थे। टी ब्रिज पर यह हादसा किस कारण से हुआ, अभी इस बार में कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि श्रद्धालुओं की लाख के उपर की संख्या हादसे का कारण हो सकती है। बताया जा रहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर सिंहनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या करीब डेढ़ लाख से भी अधिक हो गई थी।

बदांबा के सिंहनाथ मंदिर में मकर पर्व के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. बताया जा रहा है कि इस हादसे में घायल हुए 3 लोगों की हालत अब स्थिर है.

### नए साल के जश्न के दौरान मची थी भगदड़

इससे पहले युगांडा की राजधानी कंपाला में न्यू ईयर का जश्न मनाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया था. यहां एक शॉपिंग सेंटर के पास संकरे गलियारे में नए साल पर हो रही आतिशबाजी को देखने के लिए भगदड़ मच गई थी. इस हादसे में एक 10 साल के बच्चे समेत 9 लोगों की जान चली गई. बताया जा रहा है कि दम घुटने से इन लोगों की मौत हो गई.

### आज मनाया जाएगा मकर संक्रांति का त्योहार

बता दें कि मकर संक्रांति का त्योहार इस साल 15 जनवरी 2023 को मनाया जाएगा. इसे नए साल का सबसे पहला त्योहार कहा जाता है. लोगों में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है. जानकारों के मुताबिक इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व विशेष रूप से व्यापार-कारोबार और नौकरी से जुड़े हुए लोगों के लिए लाभकारी रहेगा क्योंकि मकर संक्रांति के दो दिन बाद ही भगवान शनि देव राशि परिवर्तन कर रहे हैं जिसमें कई राशियों के लोगों को लाभ प्राप्त होगा.




## गडकरी को जान से मारने की धमकी

**» 100 करोड़ की फिरौती की मांग,**

**» दाऊद के नाम पर 3 बार आ चुका है कॉल**

**नागपुर ,14 जनवरी 2023 (ए)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय और आवास के आसपास जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शहर में गडकरी के निजी कार्यालय में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच कम से कम तीन कॉल आईं और फोन करने वाले ने कथित तौर पर फरार माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम का नाम लिया। सूत्रों के हवाले से खबर है कि 100 करोड़ की रकम मांगी गई है। अज्ञात कॉलर ने कथित तौर पर जबरन वसूली की मांग की और गडकरी को जान से मारने की धमकी दी, जो वर्तमान में मकर संक्रांति त्योहार के लिए नागपुर में हैं। मंत्री कार्यालय के कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और वरिष्ठ अधिकारी अपनी टीमों के साथ वहां जांच के लिए पहुंच गए हैं।

बता दें कि नितिन गडकरी को मोदी सरकार में सबसे अच्छा काम करने वाले मंत्रियों में से एक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी नितिन गडकरी काफी एक्टिव रहते हैं। ट्विटर पर नितिन गडकरी के 12 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। नितिन गडकरी को धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस दोषी की तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम धामी ने किया शौर्य स्थल का उद्घाटन



**देहरादून ,14 जनवरी 2023 (ए)।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चीड़बाग, देहरादून स्थित शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। केन्द्रीय रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर उत्तराखण्ड के वीरगति प्राप्त योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शौर्य स्थल का अवलोकन किया एवं शहीदों के परिजनों से मुलाकात भी की। उत्तराखंड वार मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से बनाए गए इस शौर्य स्थल पर प्रदेश के सभी बलिदानी सैनिकों के नाम अंकित हैं।

### दो भूकंप के लगे झटके,हिमाचल जर्जर जमीन पर विराजमान




**शिमला ,14 जनवरी 2023 (ए)।** हिमाचल प्रदेश में शनिवार तड़के एक के बाद एक दो भूकंप आए, जिनमें से एक मध्यम तीव्रता का था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 मापी गई थी।

साथ ही सुरंगों के निर्माण के लिए पहाड़ियों की अंधाधुंध ड्रिलिंग ग्रामीण समुदायों को, मुख्य रूप से चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के नाजुक और पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में, आगामी जलविद्युत स्टेशनों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मजबूर कर रही है, जहां उनके घरों में दरारें पड़ रही हैं और प्राकृतिक जल संसाधन गायब हो रहे हैं।हाल के वर्षो में, चमेरा थ्री परियोजना में रिसाव, जिसने चंबा जिले के मोखर गांव को बहा दिया, कुल्लू जिले में एलेओ-द्वितीय परियोजना के जलाशय का पहले परीक्षण के दौरान फटना और करछम वांगटू सुरंग में रिसाव आपदा प्रतीक्षा के संकेतक हैं।

वर्तमान में, चंबा में 180 मेगावाट की बाजोली होली जलविद्युत परियोजना को आदिवासी गद्दी समुदाय के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें डर है कि यह परियोजना निजी और सार्वजनिक भूमि में दरारें और रिसाव के कारण उनके घरों और खेतों को खतरा पैदा कर रही है।

## आबकारी नीति मामला : डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के दफ्तर पहुंची सीबीआई की टीम




**नई दिल्ली ,14 जनवरी 2023 (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के कार्यालय का दौरा किया।

इस पर सिसोदिया ने दावा किया कि सीबीआई ने उनके कार्यालय पर छापा मारा। वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस दावे को खारिज किया।

सीबीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह केवल आबकारी नीति मामले से जुड़ा एक तलाशी अभियान था।

सिसोदिया ने हिंदी में ट्वीट किया, आज फिर से सीबीआई मेरे कार्यालय पहुंची है। उनका स्वागत है। इन्होंने मेरे घर पर रेड कराई, दफ्तर में छापा मारा, लॉकर तलाशे, मेरे गांव तक में छानबीन करा ली। मेरे खिलाफ न कुछ मिला है, न मिलेगा, क्योंकि मैंने कुछ गलत किया ही नहीं है। ईमानदारी से दिल्ली के बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया है।

पिछले साल नवंबर में, सीबीआई ने कथित शराब नीति घोटाले के संबंध में चार्जशीट दायर की थी, लेकिन इसमें सिसोदिया का नाम नहीं था, हालांकि इस मामले में पहले दर्ज की गई एफआईआर में उनका नाम था।

## श्रद्धा वॉल्कर मामला : हड्डियों को काटने के लिए किया आरी का इस्तेमाल

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुआ यह खुलासा



**नई दिल्ली ,14 जनवरी 2023 (ए)।** पिछले साल मई में अपने लिव-इन पार्टनर द्वारा मारी गई श्रद्धा वॉल्कर की हड्डियों को काटने के लिए आरी का इस्तेमाल किया गया था। ऑटोप्सी रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस को उसकी 23 हड्डियों की फॉरेंसिक विश्लेषण रिपोर्ट मिल गई है, जो जांच के दौरान बरामद की गई थी।

सूत्रों के मुताबिक, इसे ऑस्टियोलॉजिकल स्टडी या हड्डी के टुकड़ों का बायोफिजिकल स्टडी कहा जाता है जो ऐसे मामलों में पुलिस की मदद करता है। रिपोर्ट में पता चला है कि उसकी हड्डियों को आरी और इसी तरह के धारदार हथियार से काटा गया था। मंगलवार को एम्स में पोस्टमार्टम किया गया। सूत्र ने कहा, पोस्टमार्टम विश्लेषण ने सुझाव दिया है कि उसकी हड्डियों को आरी की मदद से काटा गया था। अब हम साकेत कोर्ट के समक्ष यह रिपोर्ट पेश करेंगे।

वॉल्कर और आफताब अमीन पूनावाला 2018 में डेटिंग ऐप 'बंबल' के जरिए मिले थे। वे 8 मई को दिल्ली आए थे और 15 मई को छतरपुर इलाके में शिफ्ट हो गए। 18 मई को पूनावाला ने उसकी हत्या कर दी और उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए। 18 दिनों के अंदर उसने उसके शरीर के अंगों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। वह अमेरिकी क्राइम शो 'डेक्सटर' से प्रेरित था, जो एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो दोहरी जिंदगी जीता है।

## एनडीएमए का फरमान

### जोशीमठ पर कोई भी मीडिया से कुछ न बोले- इसरो को तस्वीरें वायरल करने पर लताड़



**देहरादून ,14 जनवरी 2023 (ए)।** जोशीमठ आपदा को लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने नया आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबकि, जोशीमठ के हालात को लेकर केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक का कोई अधिकारी मीडिया को जानकारी या ब्रीफ नहीं देगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की रिपोर्ट के बाद एनडीएमए ने यह फैसला लिया है, एनडीएमए की रिपोर्ट के बाद इसरो ने अपनी साइट से कल जारी की रिपोर्ट को हटा लिया है।

इसरो ने जोशीमठ की उपग्रह तस्वीरें जारी की थीं, जिसमें दिखाया गया था कि यह 27 दिसंबर 2022 से 8 जनवरी 2023 के बीच 5.4 सेमी नीचे डूब गया, लेकिन अब इसरो की यह रिपोर्ट रहस्यमय तरीके से उसकी वेबसाइट से गायब हो गई हैं इसरो की तरफ से जारी उपग्रह तस्वीरों से पता चलता है कि हिमालयी शहर केवल 12 दिनों में 5.4 सेमी धंस गया। जमीन धंसने की यह घटना संभवतः दो जनवरी से शुरू हुई।

## जहांगीरपुरी में दिल्ली पुलिस की बड़ी छापेमारी

### 2 हैंड ग्रेनेड समेत ढेरों हथियार बरामद



**नई दिल्ली ,14 जनवरी 2023 (ए)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भलस्वा डेयरी इलाके में देर रात छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो हैंड ग्रेनेड समेत हथियार बरामद किए हैं। जहांगीरपुरी के फ्लैट से यूएपीए के तहत गिरफ्तार नौशाद और जगजीत सिंह से पूछताछ के बाद भलस्वा डेयरी में पुलिस ने रेड की कार्रवाई की है।

वहीं दिल्ली पुलिस यूएपीए के तहत गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों उत्तराखंड स्थित उधम सिंह नगर निवासी जगजीत उर्फ जस्सा उर्फ जस्सा उर्फ याकूब उर्फ कप्तान और जहांगीरपुरी निवासी और नौशाद को 14 दिन की रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान दोनों आरोपी बीती रात स्पेशल सेल की टीम को थाना भलस्वा डेयरी अंतर्गत आने वाली श्रद्धानंद कॉलोनी स्थित अपने किराये के मकान में ले गए। कमरे की तलाशी के दौरान वहां से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।

इसके साथ ही जिस घर पर छापेमारी की गई थी, एफएसएल टीम को वहां से इंसानी खून के निशान भी मिले हैं। एफएसएल की टीम ने ब्लड सैंपल को जांच के लिए कब्जे में ले लिया है।

पुलिस को शक है कि इन दोनों आरोपियों ने इस कमरे के अंदर किसी की हत्या की थी, लेकिन अब तक मृतक के बारे में कोई जानकारी सामने आई है।

गौरतलब है कि, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गणतंत्र दिवस से पहले जहांगीरपुरी इलाके से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार कर बड़ी साजिश को नाकाम करने का दावा किया था। गिरफ्तारी के दौरान इनके कब्जे से पुलिस ने तीन पिस्टल के साथ 22 जिंदा कारतूस बरामद किए थे।

वहीं बताया गया है कि जगजीत सिंह कनाडा में बैठे आतंकी अर्शदीप डाला के संपर्क में था। गृह मंत्रालय की तरफ से 4 दिन पहले ही अर्शदीप को आतंकी घोषित किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी नौशाद आतंकवादी संगठन हरकत-उल-अंसार से जुड़ा था, हत्या के दो मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट चुका है और विस्फोटक अधिनियम के एक मामले में 10 साल की सजा भी काट चुका है। वहीं आरोपी जगजीत कुख्यात बंबीहा गिरोह का सदस्य है और उसे विदेशों में स्थित राष्ट्र विरोधी तत्वों से निर्देश मिलते रहे हैं। वह उत्तराखंड में हत्या के एक मामले में पैरोल जंपर है।



## जम्मू-श्रीनगर हाईवे दूसरे दिन भी बंद

**जम्मू ,14 जनवरी 2023 (ए)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग शनिवार को दूसरे दिन भी बनिहाल में बर्फ जमा होने और रामबन व पंथियाल में पत्थरों के गिरने और मिट्टी धंसने के कारण बंद रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बारिश और हिमपात के कारण शुक्रवार को राजमार्ग बंद होने के बाद से कई वाहन, ज्यादातर ट्रक राजमार्ग पर फंसे हुए हैं। गौरतलब है कि राजमार्ग कश्मीर की जीवन रेखा है और देश के बाकी हिस्सों के साथ लैंडलॉक घाटी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। आवश्यक आपूर्ति और अन्य वाहनों को ले जाने वाले कश्मीर जाने वाले ट्रक राजमार्ग से गुजरते हैं, जबकि घाटी से देश के बाकी हिस्सों में फल ले जाने वाले ट्रक इसी सड़क से गुजरते हैं।

## बरामद हुई तीन हिस्सों में कटी लाश

### दो संदिग्ध यूएपीए के तहत पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार



**नई दिल्ली ,14 जनवरी 2023 (ए)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक शव को बरामद किया है, जो तीन भागों में कटी हुई है। शव उत्तरी दिल्ली के भलस्वा नाले से बरामद हुआ है। शव को पहचानने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में दो संदिग्ध नौशाद और जगजीत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता ने मामले को लेकर बताया कि दोनों आरोपितों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद दोनों आरोपितों को 14 दिनों की पुलिस कस्टडी में भेजा गया। दिल्ली पुलिस की ओर से बताय गया कि यह गिरफ्तारी राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह से पहले की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के पास से तीन पिस्तौल और 22 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

शनिवार को बरामद हुए दो हैंड ग्रेनेड (दो हथगोले)

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कलस्वा डेयरी इलाके में किराए के मकान से दो हथगोले बरामद किए हैं। पुलिस ने कुछ ही दिनों पहले दो आरोपितों को आतंकी संगठन से जुड़े होने के शक में गिरफ्तार किया था।

## ड्यूटी पर तैनात दिल्ली पुलिस के एसआई को कार ने कुचला

**नई दिल्ली ,14 जनवरी 2023 (ए)।** देश की राजधानी में एक कार ने दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक (एसआई) को कुचल दिया। एसआई 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने वाले थे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हादसा बीती रात करीब साढ़े आठ बजे रिंग रोड पर राज घाट और शांति वन के बीच हुआ। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने कहा कि 59 वर्षीय एसआई लटूर सिंह चांदनी महल थाने में तैनात थे और घटना के वक्त वह ड्यूटी पर थे। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जो शहर के दयालपुर इलाके में रहते



हैं।पुलिस ने कहा कि दरियागंज थाने में आईपीसी की धारा 279 (तेजी से गाड़ी चलाना) और 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने कहा कि आपत्तिजनक एक सफेद हुंडई आई-10 कार को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। चालक की पहचान 34 वर्षीय शोकेंद्र के रूप में की गई है। हरियाणा के सोनीपत के नाहरी गांव निवासी शोकेंद्र एक बैंक में काम करता है।

## भूतों को बांटा जा रहा पीडीएस राशन



**बालेश्वर ,14 जनवरी 2023 (ए)।** देश राज्य सरकार हर साल भरण-पोषण के लिए करोड़ों रुपए का मुफ्त राशन वितरित करती है। सभी को मुफ्त राशन मिले, सरकारें इसके लिए भरसक प्रयास कर रही हैं, लेकिन बालेश्वर के भोगराई ब्लॉक से एक हैरान करने वाली घटना सामने सामने आई हैं। जानकारी मिली है कि भोगराई ब्लॉक में भूत के नाम पर हजारों किलो पीडीएस राशन उठाया जा रहा है।

### समय पर नहीं मिलती मृत व्यक्ति की सूचना

खबर के अनुसार, इसी ब्लॉक के अधीन 50 पंचायत हैं और यहां पर 105 रिटेलर समेत 62878 राशन कार्ड हैं, जिसमें 236299 हिताधिकारी हैं 7 सरकार के नियम के अनुसार प्रत्येक हिताधिकारी के लिए हर महीने उपभोक्ता विभाग की तरफ से राशन दिया जा रहा है, लेकिन जब किसी की मृत्यु हो जा रही है, उस समय उपभोक्ता विभाग के पास तुरंत खबर नहीं पहुंच पा रही है, जिसके कारण बहुत से ऐसे रिटेलर और परिवार के लोग मिलकर मृत व्यक्ति के नाम पर राशन लूट रहे हैं

### वर्षों से जारी है मृत व्यक्तियों के नाम लूट

वर्षों से इस तरह गैरकानूनी तरीके से हजारों किलो राशन भूतों के नाम पर हड़पा जा रहा है 7 8 अगस्त 2022 को भोगराई ब्लॉक के नए उपभोक्ता निरीक्षक के तौर पर विजय साहू के आने के बाद 576 मृत व्यक्तियों के नाम रद्द किए थे, जिसके चलते रिटेलर और हिताधिकारी के बीच डर का माहौल पैदा हुआ था, लेकिन अभी भी चावल हड़पने का सिलसिला जारी है

### नहीं हो रही गंभीर जांच

पिछले 2 वर्षों में जिले के विभिन्न ब्लॉकों समेत नगरपालिका के अंतर्गत कई लोगो की मौतें हो चुकी है, लेकिन आज भी उनका नाम राशन कार्ड में होने के कारण हजारों क्विंटल सरकारी चावल और गेहूं भूतों के नाम पर कार्डधारी राशन उठा रहे है 7 इस गंभीर घटना की जांच ना होने के कारण लूट मची हुई है

## संपादकीय

# डिजिटल भारत की हकीकत

डिजिटल भारत का शोर हकीकत से दूर है। असल सूरत यह है कि भारत में इंटरनेट का प्रसार लगभग स्थिर हो गया है। और यह सूरत खुद सरकारी आंकड़ों में झलकती है।

भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था और देश को सेमीकंडक्टर जैसी तमाम अति आधुनिक तकनीकों का केंद्र बनाने की तमाम चर्चाओं का जोर ऐसा है कि देश में बड़ी संख्या में लोग सचमुच यकीन करते हैं कि देश दुनिया की प्रमुख आधुनिक अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन अगर तथ्यों पर गौर करें, तो यह कहने में कोई हिचक नहीं होगी कि हकीकत इस धारणा के उलट है। असल सूरत यह है कि भारत में इंटरनेट की वृद्धि लगभग स्थिर हो गई है। और यह सूरत खुद सरकारी आंकड़ों में झलकती है। टेलीकॉम रेगुलेटर- ट्राई के ताजा डेटा से जानकारी मिली है कि पिछले दो साल से भारत में ब्रॉडबैंड का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या एक ही स्तर पर बनी हुई है। 2021 में देश में सामान्य इंटरनेट सब्सक्राइबर्स भी एक फीसदी से कम बढ़े। जानकारों ने कहा है कि स्मार्टफोन महंगे होने के चलते कम आय वर्ग के लोग मोबाइल नहीं खरीद पा रहे हैं और स्मार्टफोन न खरीद पाने के चलते वे इंटरनेट से भी नहीं जुड़ पा रहे हैं। सरकार ने अपनी तरफ से बैंकिंग, राशन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी कई योजनाओं को लगभग ऑनलाइन बना दिया है। समाज का एक छोटा वर्ग इसका लाभ भी उठा रहा है।

लेकिन भारत में करीब आधी आबादी के पास ऐसा इंटरनेट कनेक्शन नहीं है, जिससे इन सेवाओं का लाभ लिया जा सके। चूंकि आबादी का वह हिस्सा मीडिया या आम चर्चाओं का हिस्सा नहीं है, इसलिए इस ओर ध्यान तक नहीं दिया जाता है। जबकि सरकारों की ओर से डिजिटलाइजेशन के ज्यादातर फैसले कामकाज की प्रक्रिया को तेज करने, भ्रष्टाचार को कम करने और सेवाओं को सस्ता बनाने का हवाला देकर लिए जाते हैं। मगर सचमुच जिन तबकों के लिए ये बातें महत्त्वपूर्ण हैं, क्या वे इसका लाभ उठा पाएंगे- इस सवाल को सिरे से नजरअंदाज कर दिया जाता है। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक पिछले जुलाई के अंत तक भारत में कुल 80 करोड़ से कुछ ज्यादा इंटरनेट सब्सक्रिप्शन थे। जाहिर है, इनमें से कई मामलों में एक ही व्यक्ति के पास एक से ज्यादा सब्सक्रिप्शन रहे होंगे। स्पष्टतः देश में करोड़ों लोग इंटरनेट की पहुंच से दूर हैं।

## भारतीय नारी सब पर भारी

पुरुषों से कम नहीं है आज की भारतीय नारी
व्यवसाय हो या कंपनी इन्होंने ही बाज़ी मारी
साहस ज़ज्बे का शौर्य है भारतीय नारी
भारतीय नारी सब पर भारी
गृहणी के साथ-साथ अनेक जिम्मेदारी है धारी
किसी भी विपत्ति में कभी हिम्मत नहीं हारी
मां बेटी बहन पत्नी की निभाई जिम्मेदारी
भारतीय नारी सब पर भारी
संवेदनशीलता सहिष्णुता की मूरत है नारी
धैर्य मेहनती इमानदारी की प्रतीक है नारी
हर रूप में रिश्तो के बंधन को निखारी
भारतीय नारी सब पर भारी
कार्यबल जिम्मेदारी जवाबदेही में प्राथमिकता
धारी सफ़लताओं से हर क्षेत्र में बाज़ी मारी
रिश्ते नाते स्थितियों में खूब समझदारी धारी
भारतीय नारी सब पर भारी
नारी को सशक्त बनाने अब बजट 2023 की बारी
नारी कार्यबल पर अलोकेशन कर दो भारी
नारी शुरू कर दे भविष्य बनाने की तैयारी
भारतीय नारी सब पर भारी

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## रौशनी

कितनी भी गहरी उदासी हो
या छाया हो घना अंधेरा,
उस मिटाने के लिए काफी है
रोशनी की एक किरण,
रोशनी उम्मीद की,रोशनी
चिराग़ की,रोशनी ज्ञान की।
उम्मीद की रोशनी जला देती है
बुझे मन में दीप आशा का,
सिर्फ एक किरण मिटा देती है
अस्तित्व गहरी निराशा का,
मिलती है जब ये रोशनी तो लगता
है मिल गई हो खुशी जहान की।
हाथ को हाथ भी सूझता नहीं
सामने हो के भी आता नहीं नज़र,
कौन है कहां पे समझ में नहीं
आता किसी को नहीं किसी की खबर,
जलता है चिराग़ एक नन्हा सा
करता है शुरुआत जान पहचान की।
भटकते रहते हैं मेले में दुनियां की
मिलता नहीं मंज़िल का पता,
कभी जान के तो कभी अनजाने
में करते रहते हैं खता पर खता,
पर मिलती है जब ज्ञान की रोशनी
छूते हैं हम ऊंचाई आसमान की।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**मीनेश चौहान मीन**
फर्रुखाबाद
(उत्तर प्रदेश)

भारत जी-20

# बुनियादी ढांचे को समझना और भविष्य के शहरों का निर्माण

किसी क्षेत्र की आर्थिक स्थिति के तत्काल ध्यान देने योग्य पहचानकर्ताओं में से एक इसकी बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता है। आर्थिक विकास के कारक के रूप में, दुनिया भर की सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे पर खर्च को रोज़गार और बढ़े हुए सामाजिक-आर्थिक विकास के उत्प्रेरक के रूप में महत्व दिया जाता है। विश्व बैंक का कहना है कि बुनियादी ढांचे के खर्च में 10 प्रतिशत की वृद्धि का समय के साथ सकल घरेलू उत्पाद में 1 प्रतिशत वृद्धि से सीधा संबंध है।

एशियाई संकट के मद्देनजर वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए 1999 में जी-20 के गठन के बाद, यह सोचा गया कि समूह की सम्मिलित जनसंख्या और आर्थिक ताकत को देखते हुए, इसके दायरे के अंदर चर्चा के लिए आने वाले विषयों का विस्तार किया जाना चाहिए। अतः 2009 में, समूह ने नेताओं के स्तर पर %अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए प्रमुख मंच% निर्दिष्ट किया। बुनियादी ढांचे को उन्नति संबंधी स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता दी गई थी, जिसे 2012 के लॉस काबोस शिखर सम्मेलन में मजबूती से समर्थन मिला, जिसने बुनियादी ढांचे के निवेश, उत्पादकता और जीवन स्तर के बीच गहरे परस्पर संबंध बनाने पर जोर दिया।

तब से, इस विषय में न केवल बहुत रुचि पैदा हुई है, बल्कि बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने, विशेष रूप से वित्तपोषण, निवेश और निजी क्षेत्र की भागीदारी का लाभ उठा कर काम करने के लिए एक ठोस समूह भी तैयार किया है। वर्ष 2014 में बुनियादी ढांचे के लिए ऑस्ट्रेलिया से बाहर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर हब (जीआई-हब) और विश्व बैंक द्वारा ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी (जीआईएफ) के माध्यम से संस्थागत आधार स्थापित किया गया।

इसके साथ-साथ, जिस तरह दुनिया बुनियादी ढांचे के महत्व को पहचानने की ओर बढ़ी, पीपीपी या सार्वजनिक निजी भागीदारी पर जोर देने जैसी प्रगति को भी जी-20 में इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप (आईडब्ल्यूजी) में ले लिया गया। अब यह सर्वविदित है कि दुनिया भर में बुनियादी ढांचे पर महत्वपूर्ण सार्वजनिक खर्च के बावजूद, आगे बढ़ने के लिए विभिन्न वित्तपोषण स्रोतों- निजी क्षेत्र, बहुपक्षीय व द्विपक्षीय और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के ठोस प्रयास की आवश्यकता होगी। वित्तीय कारकों में अच्छी तरह विविधता उत्पन्न की जानी चाहिए, और निजी भागीदारी के लिए माहौल सक्षम होना चाहिए। यह तुर्की, चीन और जर्मनी के सिलसिलेवार अध्यक्षता संभालने अच्छी तरह देखा गया था। बुनियादी ढांचे को एक अलग निवेशक समूह के रूप में मान्यता




देने की आवश्यकता का दायित्व 2018 में अर्जेंटीना की अध्यक्षता में लिया गया। तब से, जी-20 ने विभिन्न तरीकों जैसे कि गुणवत्ता संकेतकों, सूचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग और निजी भागीदारी बढ़ाने के माध्यम से बुनियादी ढांचे में स्थिरता को शामिल करने पर जोर दिया है।

भारत को 2022 में जी-20 की अध्यक्षता मिलने के साथ, बुनियादी ढांचे को %वसुधैव कुटुम्बकम% या एक दुनिया, एक भविष्य के चश्मे से देखा जा रहा है। आईडब्ल्यूजी में भारत का नया योगदान %फाइनेंसिंग सिटीज़ ऑफ़ टुमॉरो% को प्रमुखता से प्राथमिकता देना होगा, जिस पर इससे पहले जी-20 में विशेष रूप से कभी ध्यान नहीं दिया गया।

वर्ष 2050 तक, दुनिया की लगभग दो-तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहेगी, इसलिए अगली पीढ़ी के शहरीकरण की लहर विकासशील और विकसित देशों के महाद्वीपों में फैलेगी। इसमें शहरीकरण और जीडीपी के बीच मजबूत परस्पर संबंध होने के कारण वैश्विक विकास को महत्वपूर्ण तरीके से बढ़ाने की क्षमता है। शहरों में 80 प्रतिशत से अधिक सकल घरेलू उत्पाद होने के साथ, शहरीकरण एक अच्छा काम हो सकता है बशर्ते इनका अच्छा प्रबंधन हो और ये उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित और इनका एक निश्चित तरीके से रखरखाव हो।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने परिपूर्णता की नीति के माध्यम से शहरों में जन उपयोगी सेवाओं के प्रावधान के कार्य को आगे बढ़ाया है, चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत आवास हो, स्वच्छता (स्वच्छ भारत), पेयजल (हर घर जल), शहरी बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण और कायाकल्प (अमृत), बड़े पैमाने पर पारगमन विकल्पों में तेजी लाने यानी मेट्रो-बीआरटीएस और प्रौद्योगिकी आधारित शहरों के आधुनिकीकरण (स्मार्ट सिटी) आदि क्यों न हो।

हालांकि, आगे बढ़ते हुए, विकासशील और विकसित देशों को एक ऐसे भविष्य की ओर देखना चाहिए जिसकी तरफ अब तक दुनिया के किसी भी देश का ध्यान नहीं गया है। देशों की नेट जीरो प्रतिबद्धताओं को देखते हुए, शहरों पर जलवायु के घातक प्रभावों और वित्तीय लचीलेपन तथा भविष्य के शहरों में बसने वाले लोगों के विविध समूहों को देखते हुए, भविष्य के शहरों को टिकाऊ, लचीला और समावेशी बनाया जाना चाहिए।

जिस तरह पुणे विश्वविद्यालय इस जनवरी के आने वाले सप्ताह में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत आईडब्ल्यूजी की पहली बैठक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, यह खुद को याद दिलाने का एक अच्छा समय है कि भविष्य की चुनौतियों का समाधान करने के लिए, शहरों को एक नया अवतार लेना चाहिए- आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और वित्तीय रूप से सशक्त। नगरपालिका सरकारों को न केवल शहरों के लिए रणनीति की योजना बनानी चाहिए बल्कि सपनों को साकार करने के लिए संसाधन भी खोजने चाहिए।

आईडब्ल्यूजी की पहली बैठक के साथ पुणे विश्वविद्यालय में शहरी प्रशासन पर नगर निगम आयुक्तों के लिए एक पूरक संवाद होगा। भविष्य के शहरों के लिए चुनौतियों और वित्तपोषण की रणनीति के इर्द-गिर्द एक अन्य कार्यक्रम एडीबी द्वारा आयोजित किया जाएगा। इच्छुक वक्ताओं से उम्मीद की जाती है कि जटिल समस्याओं के स्पष्ट और गहरे समाधान साझा करें कि किसी प्रकार देश आबादी के विभिन्न वर्गों की प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए स्थायी शहरी विकास की ओर आगे बढ़ सकते हैं।

इस वर्ष की अध्यक्षता से परिकल्पित उत्कृष्टता के मानकों की दिशा में, इससे अच्छा और क्या होगा कि दुनिया की उन सबसे पुरानी मूलभूत चीजों को वापस लाया जाए जो निर्माण या विकास के लिए आवश्यक हैं- प्रभावशाली लेकिन विनम्र, विस्तृत लेकिन क्षेत्रीय, कनेक्टिंग लेकिन वितरित- इन्फ्रास्ट्रक्चर

**वी. अनंत नागेश्वरन और अपराजिता त्रिपाठी**

# विदेशी विश्वविद्यालयों का इतना हल्ला क्यों

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपना कैंपस खोलने की इजाजत देने के नियमों का एक मसौदा जारी किया है। इस मसौदे को लेकर गजब का शोर मचा है। कई मीडिया वेबसाइट्स, यूट्यूब चैनल्स और मुख्यधारा के चैनलों पर भी ऐसा हल्ला मचा है, जैसे भारत में उच्च शिक्षा का पूरा परिदृश्य बदल जाने वाला हो। यह शोर है कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने स्टैनफोर्ड, येल, ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज जैसे विश्वविद्यालयों को भारत में लाने के लिए बड़ी पहल की है। यह अलग बात है कि जिन विश्वविद्यालयों का नाम लेकर भारत में ढिंढोरा पीटा जा रहा है उन्होंने दुनिया के किसी भी देश में अपना कैंपस नहीं खोला है। यहां तक कि अमेरिका में भी कोई दूसरा स्टैनफोर्ड या एमआईटी नहीं है और ब्रिटेन में भी कोई दूसरा ऑक्सफोर्ड या कैंब्रिज नहीं है। असल में राजनीतिक विमर्श बनवाने वालों को पता है कि ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज भारतीय मध्य वर्ग के मानस में बैठे हुए हैं और संभ्रांत व उच्च वर्ग का होने की एक बड़ी शर्त इन विश्वविद्यालयों से पढ़ा होना भी होता है। तभी विदेशी विश्वविद्यालयों को अपना कैंपस भारत में खोलने की इजाजत देने के नियमों का मसौदा जारी होने पर इतना शोर मचा है।

सवाल है कि क्या भारत में विदशी विश्वविद्यालयों का कैंपस खुल जाने से भारत की उच्च शिक्षा में कोई गुणात्मक बदलाव आ जाएगा या भारत की उच्च शिक्षा की जो मौजूदा व्यवस्था है वह और चौपट हो जाएगी भारत में वैसे तो गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने वाले संस्थानों की बहुत कमी है। ऐसे गिने-चुने संस्थान हैं, जिनसे पढ़ने के बाद आमतौर पर छात्र विदेश चले जाते हैं। गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने वाले ऐसे संस्थानों की संख्या और सीमित है, जिनमें पढ़ाई का खर्च कम है और आम परिवार का नौजवान पढ़ाई अफोर्ड कर सकते हैं। पिछले कुछ बरसों से ऐसे कई संस्थानों की प्रतिष्ठा धूमिल करने और उनकी गुणवत्ता खराब करने के प्रयास चल रहे हैं। इसके साथ ही यह प्रयास भी चल रहा है कि सस्ती और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के क्षेत्र से सरकार को बाहर निकाला जाए। संसद में सरकार कह चुकी है कि भारत के लोगों को इस मानसिकता से निकलना चाहिए कि उच्च शिक्षा की फंडिंग करने की जिम्मेदारी सरकार की है।




सरकार की इस सोच का नतीजा है कि आज पूरे देश में निजी विश्वविद्यालय फल-फूल रहे हैं, जिनमें ऊंची फीस है, विदेशी फैकल्टी है और जो पूरी तरह से सामाजिक जिम्मेदारियों से मुक्त हैं। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि निजी विश्वविद्यालयों को मंजूरी देने के बाद सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर बहुत ध्यान दे रही है और उसकी गुणवत्ता ठीक कर रही है। उनकी स्थिति भी पहले से खराब होती जा रही है। सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए खर्च नहीं बढ़ा रही है। नए कॉलेज, यूनिवर्सिटी या रिसर्च सेंटर नहीं खोले जा रहे हैं। नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही है और न बुनियादी ढांचे का निर्माण हो रहा है। अब अगर निजी यूनिवर्सिटी के बाद विदेशी यूनिवर्सिटी के कैंपस खुलते हैं तो सरकार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने की अपनी जिम्मेदारी से और दूर जाएगी। वह ऐसी व्यवस्था बनाना चाहती है, जिसमें उच्च शिक्षा पूरी तरह से निजी हाथों में चली जाए और जो लोग बहुत मोटी फीस चुका कर पढ़ने में सक्षम हों सिर्फ वे ही उच्च शिक्षा हासिल करें। बाकी बड़ी आबादी कामचलाऊ शिक्षा हासिल कर कुशल या अकुशल मजदूर के तौर पर काम करे।

बहरहाल, सरकार जो सोच रही है या यूजीसी ने जो मसौदा जारी किया है उसमें अपने आप कई चीजें ऐसी हैं, जिनसे विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में अपना कैंपस खोलना मुश्किल हो जाएगा। सबसे पहली और अहम चीज तो यह है कि ड्राफ्ट रेगुलेशन-2023 में कहा गया है कि विदेशी विश्वविद्यालयों को अपना कैंपस खोलने के लिए खुद बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। इससे पहले जिन देशों में ऑफशोर कैंपस का प्रयोग सफल हुआ है वहां होस्ट कंट्री यानी जिस देश में कैंपस खुलता है वह देश बुनियादी ढांचा मुहैया कराता है, विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए नियमों में ढील देता है और दिल खोल कर सब्सिडी देता है। बदले में विदेशी विश्वविद्यालय अपनी फैकल्टी उपलब्ध कराते हैं और कैरिकुलम तैयार करते हैं। अगर उनको बुनियादी ढांचा तैयार करना पड़ेगा तो यह देखना पड़ेगा कि कितने विदेशी इंस्टीच्यूट इसके लिए तैयार होते हैं। हालांकि विदेशी विश्वविद्यालयों को लुभाने के लिए इस ड्राफ्ट रेगुलेशन में यह प्रावधान किया गया है कि वे मुनाफा कमा कर पैरेंट इंस्टीच्यूट को पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं। ध्यान रहे मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार जो फॉरेन एजुकेशनल इंस्टीच्यूट बिल ले आई थी उसमें संस्थाओं को पैसे बाहर ले जाने पर मनाही थी। उसमें यूनिवर्सिटी के भारतीय कैंपस के लिए कॉरपस फंड बनाने का प्रावधान था। उसे सरकार ने इस बार हटा दिया है। ऐसे में हो सकता है कि कुछ संस्थाएं दिलचस्पी दिखाएं।

दूसरी बाधा ड्राफ्ट रेगुलेशन के दो अन्य प्रावधानों को लेकर दिख रही है, जो कैरिकुलम यानी पाठ्यक्रम से जुड़े हैं। पहला तो यह है कि पाठ्यक्रम भारत के राष्ट्रीय हित और उच्च शिक्षा के लक्ष्य को नुकसान पहुंचाने वाला नहीं हो। यह स्वीकार करने में किसी को दिक्कत नहीं होगी। दूसरा प्रावधान यह है कि पाठ्यक्रम देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता, सुरक्षा और दूसरे देशों के साथ संबंध को नुकसान पहुंचाने वाला नहीं हो। इसमें यह भी कहा गया है कि पाठ्यक्रम शिष्टता, नैतिकता और व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाला न हो। इस प्रावधान से दिक्कत हो सकती है क्योंकि व्यवस्था, शिष्टता और नैतिकता की व्याख्या बहुत विशाल है। दुनिया के जितने भी बड़े और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय हैं उनके यहां समाजशास्त्र या राजनीति और इतिहास की पढ़ाई बहुत खुले विचारों के साथ होती है। उन्हें अगर शिष्टता, नैतिकता या व्यवस्था के बंधन में बांधेंगे तो कम से कम ह्यूमनिटीज से जुड़े विषयों की पढ़ाई में मुश्किल आएगी।

विश्वविद्यालयों को फीस से लेकर दाखिले के नियम बनाने, अपना प्रशासन बनाने और चलाने, फैकल्टी यानी शिक्षकों की नियुक्ति करने, अकादमिक मामलों में स्वायत्तता दी गई है। कहा गया है कि वे 'ट्रांसपैरेंट और रिजनेबल' फीस तय कर सकते हैं और 'नीड बेस्ड स्कॉलरशिप' दे सकते हैं। लेकिन 'रिजनेबल' की क्या व्याख्या है क्या उसकी कोई सीमा है अगर फीस बहुत ऊंची रही, जिसकी संभावना ज्यादा है तो साधारण पृष्ठभूमि के छात्र कैसे उच्च शिक्षा हासिल कर पाएंगे इसी तरह 'नीड' से क्या मतलब है जैसे अभी भारत में कमजोर आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि के छात्रों, दलित या आदिवासी छात्रों आदि को आर्थिक मदद मिलती है, वैसी मिलेगी या कोई दूसरा पैमाना बनाया जाएगा दाखिले और फैकल्टी की नियुक्ति दोनों में संस्थान को स्वायत्तता होगी। यूनिवर्सिटी विदेशी शिक्षकों को भी नियुक्त कर सकते हैं। जाहिर है ऐसे में एफरमेटिव एक्शन के आरक्षण जैसे जो प्रावधान हैं वे दाखिले और शिक्षकों की नियुक्ति दोनों में लागू नहीं होंगे। सोचें, सरकार नई शिक्षा नीति का इतना ढिंढोरा पीट रही है क्या वह इसमें आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए किए गए प्रावधानों को विदेशी विश्वविद्यालयों में लागू करा पाएगी नई शिक्षा नीति की बात चली तो उसकी एक और बात से यह मसौदा अलग हटता दिख रहा है। उसमें कहा गया है कि दुनिया की एक सौ शीर्ष रैंकिंग वाली संस्थाओं को ही भारत में कैंपस खोलने की मंजूरी मिलेगी लेकिन अब मसौदा रेगुलेशन में इसे बढ़ा कर पांच सौ रैंकिंग तक कर दिया गया है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि किसी देश के प्रतिष्ठित संस्थान को भी मंजूरी मिल जाएगी। हालांकि किस संस्थान को प्रतिष्ठित माना जाएगा, यह नहीं कहा गया है। रैंकिंग तय करने से लेकर प्रतिष्ठित संस्थान के चयन का काम यूजीसी को करना है। यह अच्छी बात है कि मसौदा रेगुलेशन में विदेशी कैंपस की डिग्री के किसी भारतीय संस्थान के समकक्ष होने की बाधा समाप्त कर दी गई है लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में सभी नियोक्ता और दूसरे संस्थान उनकी डिग्री को स्वीकार करें।

**-अजीत द्विवेदी-**

# निरंतर परिश्रम,संयम और महत्वाकांक्षा सफलता राज मार्ग

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैंद्य जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3त्र नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# मधुर संगीत : स्वास्थ्य और सौंदर्य का रामबाण

मानव जीवन में बहुत सारी परेशानियाँ आती है और अपनी परेशानियों को कहने के लिए कभी-कभी उन इंसानों की कमी पड़ जाती है जिन्हें में हम अपनी बात कहना चाहते हैं जब हमें कोई हल नहीं मिलता है और अकेलेपन के माहौल में अपने दर्द को को बांटना चाहते हैं तो आसपास किसी को ना




पाकर बहुत हताश हो जाते हैं, ऐसे में संगीत हमारे जीवन में रस घोलता है। संगीत और स्वास्थ्य का तालमेल अद्भुत है संगीत सुनने से मन प्रसन्न रहता है और चेहरा भी खिला-खिला नजर आता है बिना पैसे खर्च किए अपने चेहरे को निखारने के लिए मधुर संगीत सुनें। संगीत तनाव मुक्ति का एक सशक्त माध्यम है जिससे विशेष रूप से मस्तिक से चेहरे पर आँखों की माँसपेशियों को राहत मिलती है और रक्त संचार में सुधार आता है। संगीत द्वारा सांस की गति, फेफड़ों का परिचालन, हृदय गति पर प्राकृतिक नियंत्रण संभव है। मानसिक विकारों को दूर करने के लिए संगीत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि संगीत केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि सौंदर्य भी प्रदान करता है। संगीत का चुनाव किस तरह करना चाहिए यह जानना बेहद जरूरी है अगर आप सुबह और शाम धार्मिक व आध्यात्मिक संगीत पसंद करते हैं इस तरह का म्यूजिक लगाकर अपने शरीर को ऊर्जा दीजिए और बीच के समय में मनभावन गीत फिर चाहे वह भारतीय हो या पाश्चात्य, नया पुराना तेज या धीमा किसी प्रकार का गीत सुना जा सकता है। धीमा संगीत सुनना सबसे श्रेष्ठ होता है यदि आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में रुचि रखते हैं तो ध्यान व आध्यात्मिक से जुड़ा संगीत चुने, यदि गर्भवती महिला लगातार संगीत सुनती है तो उसकी डिलीवरी में आने वाली दिक्कतें भी कम हो जाती है और बच्चों को भी संगीत की शिक्षा देनी चाहिए ताकि इससे बच्चों का रक्त प्रवाह तेज हो और त्वचा चमकदार और खिली खिली रहे और सभी अपने मानसिक टेंशन से दूर रहे। रसोई में काम करते समय संगीत सुनने से काम का बोझ कम हो जाता है आजकल की दिनचर्या लोगों की मोबाइल में बीत जाया करती है और व्यस्तता में खुद को समय नहीं दे पाते हैं इसकी वजह से मानसिक तनाव इतना अधिक बढ़ जाता है तरह-तरह की बीमारियाँ घेर लेती है इसलिए सामान्य रूप से फिल्मी या गैर फिल्मी संगीत का चुनाव किया जा सकता है लेकिन आवाज का स्तर धीमा ही होना चाहिए। खाली समय में यदि आप किताब पढ़ते समय, बुनाई करते समय म्यूजिक चलाते हैं तो हाथ आपका जल्दी चलेगा और ध्यान कम बँटेगा। संगीत शरीर के हार्मोस लेवल को काफी हद तक प्रभावित करता है। सही प्रकार का संगीत मानसिक एग्रेसिव स्टेट को शांत कर पाने में सक्षम होता है। अच्छे संगीत से अनेक प्रकार की बीमारियों का उपचार होता है इसलिए व्यक्तित्व नैन-नक्श, शरीर की आकृति, त्वचा केशों आदि के विकार दूर होते हैं। यह संगीत सौंदर्य वृद्धि के साथ-साथ गजब का आत्मविश्वास ही पैदा करता है। संगीत सुनने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए बांसुरी, सरोद या सितार बजाएं, म्यूजिक की लय के साथ गाने भी गुनगुनाते रहे। संगीत दर्द निवारक भी होता है यदि आपको शरीर के किसी भी भाग में कितना भी दर्द हो यदि मनपसंद संगीत सुनते हैं तो आप का दर्द आधा हो जाता है। इंसानों के साथ साथ हैं पेड़ पौधे भी संगीत का आनंद लेते हैं यदि संगीत सुनते समय आप पेड़ पौधे में सुबह-शाम पानी देते हैं तो इससे पौधों की बढ़त अच्छी होती है सुंदर सुंदर फूल खिलते हैं और डालो पर गजब की हरियाली दिखाई देती है इसलिए संगीत का आनंद लेना स्वास्थ्य और सौंदर्य के लिए सुखदाई है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
उत्तरप्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सरगुजा की उर्वर मिट्टी में पैदा होते हैं होनहार, उन्हें सम्मानित कर मैं धन्य हुई :रेणुका सिंह

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** स्वामी विवेकानन्द जयंती युवा दिवस पर पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम अम्बिकापुर तालियों की गड़गड़ाहट से उस समय गूँज उठा, जब सरगुजा की बहुमुखी विविध प्रतिभाओं का सम्मान केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, नगर निगम महापौर डॉ अजय तिर्की सभापति अजय अग्रवाल पूर्व सभापति शफी अहमद कुलसचिव संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय प्रोफेसर अशोक सिंह छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड चेयरमैन अनिल सिंह मेजर, पूर्व महापौर प्रबोध मिंज, उप मुख्य अभियंता आरआरवीयूएनएल वी पी गर्ग, ग्राम उद्यमी अध्यक्ष वीना देवांगन तथा सैनिक स्कूल की प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल रेनू यादव ने किया।



राजस्थान राज्य विद्युत उत्पाद निगम लिमिटेड, ग्राम उद्योग तथा सेवा दिल से एक अभियान के संयुक्त तत्वाधान में विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर सरगुजा के प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम सरगुजा के होनहार का भव्य आयोजन किया गया, इस गरिमामय सम्मान कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा, सैन्य सेवा, सामाजिक सेवा, शिक्षा, खेल, चित्रकला, साहित्य सहित विविध क्षेत्रों में सरगुजा का नाम रोशन करने वाले होनहार युवाओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय अनुसूचित जनजाति कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि सरगुजा की उर्वर मिट्टी में ही होनहार पैदा होते हैं उन्हें सम्मानित कर आज मैं धन्य हो गई मेरे लिए जीवन का गौरवशाली एवं ऐतिहासिक क्षण है। मैं दिल से सरगुजा के होनहारों को बधाई प्रेषित करती हूँ तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ।

सैनिक स्कूल की लेफ्टिनेंट कर्नल रेनू यादव ने कहा कि सरगुजा की इन प्रतिभाओं से सभी युवाओं को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए, स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- उठो, जागो और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो रुको मत। आज सम्मानित हो रहे युवा होनहारों के लिए यह पंक्ति चरितार्थ हो रही है, इन प्रतिभाशाली युवाओं को गढ़ने में अपना सब कुछ समर्पित करने वाले माता-पिता तथा अभिभावकों को मेरा नमन है।

इस अवसर पर नगर निगम सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि समग्र सरगुजा के युवा होनहारों सम्मानित करने का यह आयोजन अपने आप में अनूठा है और पहली बार आयोजित हुआ है। वास्तव में सरगुजा अंचल प्रतिभाओं की खान है, सरगुजा से निकले प्रतिभाशाली युवा देश-विदेश में सरगुजा का नाम रौशन कर रहे हैं।

अपने स्वागत उद्बोधन में वी पी गर्ग ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र सरगुजा, ग्राम उद्यमी तथा सेवा दिल से एक अभियान ने संयुक्त आयोजन में आए युवा होनहार को सम्मानित कर हम अत्यंत गौरवान्वित हैं भविष्य में भी इस तरह का आयोजन हम करते रहेंगे।

कार्यक्रम को श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद, कुलपति संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय प्रोफेसर अशोक सिंह, तथा ग्राम उद्यमी अध्यक्ष वीना देवांगन, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी, अनिरुद्ध सिंगारे ने भी संबोधित किया।

### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर सम्मानित युवा प्रतिभाओं में राहुल देव आईएएस, प्रशांत अग्रवाल आईपीएस, लेनिन वत्सल टोप्पो आईएएस, अहेश सिंह सेंगर आईआरएस, सिविल जज सूरजपुर सावित्री रक्सैल, अजय त्रिपाठी राज्य प्रशासनिक सेवा, श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर राज्य प्रशासनिक सेवा, नितिन तिवारी राज्य प्रशासनिक सेवा, मनोज सिंह अपर संचालक जनसंपर्क, प्रशांत शर्मा युवा वैज्ञानिक, कर्नल रितेश त्रिपाठी, लेफ्टिनेंट रितेश तिवारी, लेफ्टिनेंट सोमिल अग्रवाल, लेफ्टिनेंट अमन तिवारी, आबकारी निरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ला, एन डी ए अपूर्व कृष्ण मिश्रा, कैडेट एनडीए शुभम तिवारी, समाजसेवा के क्षेत्र से राकेश मित्तल, निक्की खान, अंचल ओझा, पीयूष त्रिपाठी, सत्यम द्विवेदी, रीता अग्रवाल, गोल्डी बिहाडे, हेल्पिंग हैंड ग्रुप, अनोखी सोच संस्था, गौ सेवा मंडल, अनिल मिश्रा, सुनिधि शुक्ला, रविंद्र गुप्त भारती, ग्राम उद्यमी उदयपुर, महिला उद्यमी उदयपुर, स्वच्छता दीदी अंबिकापुर नगर निगम, प्रेम गोपाल रसोई, खेल के क्षेत्र से विशेष दुबे, हर्षित अम्बष्ठ , अश्विनी सिंह , स्पर्श सराफ, प्रिया जायसवाल , शौर्यवर्धन सिंह, विजय यादव, समीर यादव, साकेत केडिया, दीपिका मिंज, कला से वैभव अतुल संगीतकार, स्वप्नील जयसवाल संजय सुरीला, गोपाल पांडे, बाबा बघेल नृत्यकार, स्तुति जायसवाल, प्रियांशु मिश्रा, विजय सिंह दमाली, शिवानी ओझा, गजेंद्र सिंह मरावी, शिक्षा से श्रीमती नीति सिंह देव, दीक्षा अग्रवाल, किरण गुप्ता, उमा सोनी, बबीता सिंह, नेहा साहू, असद इकबाल, समीर कुमार सिंह, गीता कुजुर, भूपेंद्र पैकरा, वंशिका दास, हितेश कुमार राजवाड़े, प्रतिभा, सुनिधि यादव, अभिषेक महतो, खेल से अंकित हीरा, राजन यादव, अंकित लकडा, विक्की मालाकार, अभिषेक शर्मा, पीहू कंसारी, सूर्या नायक, प्रभुजीत सिंह छाबड़ा, अंश बिरको, प्रियंका पैकरा, संजना रावत, ऋषभ मिंज, सोनल प्रिया लाकड़ा, गायन से हिमांगी त्रिपाठी, दीपांजलि सोनी, शताक्षी वर्मा, आंचल मंदिरवार तथा साक्षी यादव प्रमुख थे।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुमधुर प्रस्तुतियां भी हुई जिसमें अदानी विद्या मंदिर स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर डीपीएस स्कूल साईं कॉलेज केआर टेक्निकल कॉलेज सैनिक स्कूल इंजीनियरिंग कॉलेज तथा वारियर्स डांस ग्रुप सहित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का गरिमामय संचालन आकाशवाणी की आकस्मिक उद्घोषिका डॉक्टर शबनम खानम ने किया। कार्यक्रम की गरिमा के अनुकूल जिसने कार्यक्रम में समाँ बाँध दिया।

## दिन दहाड़े ताला तोड़कर फेरी वाले के घर से 90 हजार की चोरी



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** शहर के इमली पारा में किराए के मकान में रहकर फेरी के काम करने वाले लोगों के घर का दिनदहाड़े ताला तोड़कर 90 हजार रुपए नकद व अन्य सामान चोरों ने पार कर दिए। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शफीउद्दीन अंसारी यूपी का रहने वाला है। वह लगभग अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ अंबिकापुर इमलीपारा निवासी सरफराज अहमद के मकान में किराए में रहकर सभी फेरी का काम करते हैं।

11 जनवरी की सुबह सभी अपने -अपने फेरी के लिए निकले थे। दोपहर में जब वापस लौटे तो घर में दूसरा ताला लगा हुआ था। लोगों ने मामले की जानकारी मकान मालिक मोदी और मकान मालिक की उपस्थिति में ताजा खुलकर अंदर गए तो सामान बिखरा पड़ा था। अंदर के कमरे का कुंडली टूटा हुआ था और पेटी का ताजा में टूटा था। सभी के बैग से फेरी का पैसा वह चादर कंबल सहित अन्य सामान नहीं थे। कुछ रुपए 90 हजार नकद व अन्य सामान चोरों ने पार कर दी है। शफीउद्दीन अंसारी ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गुमगुरा में चलित थाना आयोजित कर साइबर ठगी व यातायात नियमों की दी गई जानकारी

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** आईजी राम गोपाल गर्ग,पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से चलित थाना लगाकर आमनागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ0 प्रशांत देवांगन द्वारा ग्राम गुमगुरा में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों की शिकायत व समस्याएं सुनी गई।




चलित थाना के आयोजन के दौरान ग्रामीणों के शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु आश्वास्त किया गया एवं ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक कर विभिन्न अपराधों की रोकथाम व कमी लाने के लिए जानकारी दी एवं ग्रामीणों को साइबर काईम से बचने के लिए जागरूक किए ताकि लोग आनलाईन ठगी के शिकार न हो। चलित थाना के पश्चात हाई स्कूल गुमगरा कला स्कूल में यातायात जागरूकता अभियान के तहत स्कूली छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान किया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईस दिया गया। यातायात नियमों के तहत दुपहिया वाहन चालते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने, दुपहिया वाहन में तीन सवारी नहीं बैठाने वाहन चालते समय मोबाईल फोन नहीं चलाने, बिना लायसेंस एवं नाबालिक को वाहन नहीं चलाने की समझाईस दिया गया। इस दौरान यातायात जागरूगता अभियान के तहत सरगुजा पुलिस के विभिन्न अभियान अभिव्यक्ति ऐप हिम्मत कार्यक्रम, ऑन लाईन ठगी एवं सायबर ठगी के संबंध विस्तृत जानकारी दिया गया। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक. अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक विजय राज सिंह . आरक्षक राकेश यादव, दशरथ राजवाडे, देवेन्द्र सिंह, जानकी प्रसाद राजवाडे. महिला आरक्षक सुमन कश्यप ग्राम सरपंच गुमगरा लोकनाथ हाई स्कूल प्रिसंपल श्याम लाल ग्राम गुमगरा के आमनागरिक सक्रिय रहे ।

## पतंग उत्सव में इंडोनेशिया की उड़ने वाली पतंग रहा आकर्षण केंद्र



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** सरगुजा सेवा समिति के द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव का आयोजन शहर के मल्टीपरपज स्कूल के प्रांगण में किया गया। पतंग उत्सव में पतंग काटो व फैंसी पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।,इस आयोजन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस पतंग उत्सव में इंडोनेशिया की उड़ने वाली पतंग आकर्षण का केंद्र रही,शहर के मुकेश अग्रवाल फैंसी पतंग प्रतियोगिता में इंडोनेशिया में बनी बाज रूपी पतंग सहित कई फैंसी पतंग लेकर मल्टीपरपज स्कूल के प्रांगण में पहुचे, जहां लोग इंडोनेशिया की इस फैंसी पतंग को देखकर अपने आप को नहीं रोक सके और फैंसी पतंगों के साथ सेल्फी खिंचवाने लगे,दरअसल शहर के निवासी मुकेश अग्रवाल इंडोनेशिया गए हुए थे जहा से 40 से अधिक पतंग लेकर अम्बिकापुर पहुचे और पतंग उत्सव सहित पूर्व में मैनपाट कार्निवाल में हुए पतंग प्रतियोगिता में भी अपनी फैंसी पतंग का प्रदर्शन किया ,इंडोनेशिया की पतंग को सरगुजा के जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में खाशा पसंद किया गया, कार्यक्रम के समापन पर पहुंचे खाद्य मंत्री अमरजीत भगत कार्यक्रम में पहुंचे और विजेताओं को पुरस्कार का वितरण किया इस दौरान खाद्य मंत्री अमरजीत भगत पतंग उड़ाते नजर आए और लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

## इंटरनेशनल रेफरी मास्टर ए टी राजीव ने बच्चों को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर

### दो दिवसीय कलर बेड परीक्षा कार्यशाला का किया गया आयोजन



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** सरगुजा पुलिस के तत्वाधान में ताइक्वांडो कलर बेल्ट, ब्लैक बेल्ट का दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं परीक्षा कार्यशाला की शुरुआत शनिवार को पुलिस लाइन ताइक्वांडो क्लब में की गई। कार्यशाला का उदघाटन महापौर डॉ.=अजय तिर्की, सरगुजा ताइकांडो संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह, सचिव अशोक कुमार तिर्की द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर निलेश प्रताप देव, वीरेंद्र पैकरा, पूजा देव, प्रसाद कश्यप, शशिकांत, प्रिंस विश्वकर्मा, राजकुमार केसरवानी, आशीष सील, दीपक गुप्ता, विपिन पटेल जॉनी एसके उपस्थित थे।

सरगुजा पुलिस के तत्वाधान में पुलिस लाइन ताइक्वांडो क्लब के प्रशिक्षक राधेश्याम मणिपुरी द्वारा प्रतिदिन बच्चों को निशुल्क ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जाता है। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के संयुक्त कार्यक्रम में इंटरनेशनल रेफरी मास्टर ए टी राजीव एवं छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ जनरल सेक्रेटरी अनिल दिवेद्वी के नेतृत्व में शनिवार को दो दिवसीय कलर बेल्ट, ब्लैक बेल्ट का प्रशिक्षण एवं परीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रजाति बेंगलुरु से आए इंटरनेशनल रेफरी मास्टर एटी राजीव द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। रविवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर बेल्ट शिरोमणि का आयोजन किया जाएगा।

## नेत्र शिविर में की गई 140 वाहन चालकों के आंखों की जांच



-संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सडक दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने एवं आमजन को सडक सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए पुलिस द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को यातायात नियमों एवं सडक सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश में यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा 14 जनवरी को कोतवाली थाना परिसर में नि शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सका विशेषज्ञों की टीम द्वारा सभी प्रकार के वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस शिविर में वाहन चालकों द्वारा आगे आकर हिस्सा लिया और वाहन चालकों ने नेत्रों का परीक्षण कराया। नेत्र विशेषज्ञों द्वारा अपने परीक्षण में 140 वाहन चालकों को चिन्हित कर उन्हें जरूरी दवाओं के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में कोतवाली प्रभारी प्रकाश राठौर, व पुलिस विभाग के स्टाफ , सहित अनेक वाहन चालक मौजूद रहे।

## स्कूली छात्र-छात्राओं को थाना प्रभारी ने दी यातायात नियमों की जानकारी



-संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** झिलमिली थाना प्रभारी ने यातायात सप्ताह कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रीपारा के विद्यार्थियों को यातायात नियम, हेलमेट व सिटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने के फायदे सहित साइबर फ्रॉड,साइबर क्राइम व बच्चो से संबंधित अपराधो की जानकारी के साथ बचाव के उपाय भी बताए।थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाएं। अन्यथा पकड़े जाने पर परिजनों को सजा हो सकती है। जो 18 वर्ष से ऊपर के हैं, बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे हादसे की आशंका रहती है। वहीं अगर कोई आपको ब्लैकमेल करता है या फिर कोई समस्या है तो गलत कदम न उठाएं। अपनी समस्या को परिजनों से साझा जरूर करें।उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी नशा करने वालों से दूर रहें। अगर कोई नशे को बेचते या नशा करते दिखाई दे, तो पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा अपने परिजनों को किसी चीज के लिए परेशान न करें। खेलों और पढ़ाई पर ध्यान दें। मोबाइल फोन से दूर रहें। एक छोटी सी लापरवाही या गलती बड़े हादसे का कारण बन सकती है। विद्यार्थियों और युवाओं को वाहन चलाने से पहले लाइसेंस बनवाने और सभी दस्तावेज साथ रखने की सलाह भी दी, ताकि यात्रा में कोई बाधा न उत्पन्न हो।स्कूल के प्राचार्य विजय गुप्ता ने इस कार्यक्रम के लिए पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहने चाहिए। इससे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन होता है और उन्हें आगे बढ़ने की सही दिशा मिलती है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्कूल की तरफ से समय-समय पर कला, खेल और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे की बच्चों का चहुंमुखी विकास हो सके। इस दौरान चंद्रशेखर कुशवाहा,संगीता साहू नंदलाल सिंह,पद्मा कुशवाहा,राजकुमारी सिंह,नोहर साय सिदार,कृपा शंकर गुप्ता,अजय भगत, अंजू वर्मा,विद्या प्रधान आदि उपस्थित थे।

## 51242 में से 44707 आवास का निर्माण हुआ पूरा



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल लक्षित 51242 आवासों में से 44707 आवासों को पूर्ण किया जा चुका है। शेष आवासों के निर्माण हेतु 10065 हितग्राहियों को किस्तों की राशि 25 करोड़ 7 लाख रुपये प्रदान की जा चुकी है।

हितग्राहियों के खाते में राशि जमा होने पर एक बार फिर पक्का मकान बनने की उम्मीद जगी है। हितग्रही मकान पूरा कराने आवशयक सामग्री की व्यवस्था में जुट गए है।

मोर जमीन मोर मकान अन्तर्गत अम्बिकापुर निकाय क्षेत्र में कुल 4 हजार 561 आवासों की स्वीकृति प्राप्त है जिसमें से 2 हजार 380 हितग्राहियों द्वारा आवास पूर्ण कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरणन द्वारा 337.00 लाख रुपये का आबंटन प्राप्त हुआ है जिसमें निर्माणाधीन 250 हितग्राहियों के खाते में पीएफएमएस के माध्यम से रूपये 141.00 लाख का हस्तांतरण किया जा चुका है।

## 300 से अधिक चालक-परिचालकों को कराया गया नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** बस स्टैंड अम्बिकापुर में सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ऑटो चालकों, बस चालकों एवं ट्रक चालकों सहित अन्य मालवाहक वाहनो के चालकों, परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजन के दौरान लगभग 300 कि संख्या मे चालक, परिचालक सदस्य लाभान्वित हुए एवं सरगुजा पुलिस कि इस अभिनव पहल के लिए आभार भी प्रकट किए। जिन वाहन चालकों, परिचालकों को नेत्र एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी थी उनका मौके पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में जरुरी जाँच कर इलाज किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी चालक एवं परिचालक दल के सदस्यों एवं आमनागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु समझाईस दी गई एवं सरगुजा पुलिस के त्रिनेत्र हेल्पलाइन नंबर 9627344000 के बारे मे बताकर यातायात नियम तोड़ने वालो की शिकायत दर्ज करने हेतु जानकारी दी गई, जिसमे शिकायत दर्ज करने वाले नागरिकों की जानकारी गोपनीय रखे जाने की बात बताई गई। इस दौरान ऑटो, बस चालकों, परिचालको को वर्दी पहनने, नेम प्लेट लगाने हेतु निर्देश दिए गए साथ ही सिग्नल जम्प नहीं करने, नशा कर वाहन नहीं चलाने सहित वाहन मे छमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने, बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने की समझाईस दी गई, नियमो का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध समझाईस के साथ साथ ठोस चलानी कार्यवाही करने की हिदायत भी दी गई।

स्वस्थ्य एवं जागरूकता शिविर के दौरान रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, उप निरीक्षक सरफ़राज फिरदोसी, बस स्टैंड सहायता केंद्र प्रभारी अभिषेक पाण्डेय समेत यातायात एवं बस स्टैंड सहायता केंद्र के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद उपाध्यक्ष के लिए विधायक को करनी थी चिंता,लेकिन जनपद उपाध्यक्ष के लिए जनपद अध्यक्ष कर रहीं हैं चिंता

## जनपद अध्यक्ष जहां भाजपा नेत्री वहीं जनपद उपाध्यक्ष कांग्रेस नेत्री,विधायक भी हैं कांग्रेस पार्टी की

- **अध्यक्ष की ऊंची सोच, अपने दल की नहीं होने के बावजूद वह खड़ी हैं जनपद उपाध्यक्ष के पक्ष में**
- **विधायक ने जनपद उपाध्यक्ष को छोड़ दिया है अकेला,जबकि कभी जनपद उपाध्यक्ष थीं विधायक की खास**
- **एक तरफ जनपद अध्यक्ष का कद भाजपा में लगातार बढ़ रहा वहीं उपाध्यक्ष का कद कांग्रेस में घट रहा**
- **जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के घटते कद की वजह भी नहीं आ रही सामने,आखिर क्यों विधायक ने कर रखा है उन्हे किनारे?**
- **महिला होकर जहां महिला उपाध्यक्ष के पक्ष में खड़ी हैं जनपद अध्यक्ष वहीं विधायक ने उपाध्यक्ष से बना ली है दूरी?**
- **कांग्रेस संगठन भी विधायक के इशारे पर जनपद उपाध्यक्ष से बना चुका है दूरी**









- रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** बैकुंठपुर में जनपद पंचायत अध्यक्ष भाजपा समर्थित नेत्री हैं वहीं उपाध्यक्ष कांग्रेस समर्थित महिला नेत्री वहीं यदि अध्यक्ष उपाध्यक्ष के बीच की जुगलबंदी की बात की जाए तो कोई देखकर नहीं कह सकता की दोनो दो अलग अलग राजनीतिक दलों से ताल्लुक रखती हैं और परस्पर आपस में विरोधी दल से उनका नाता है। बैकुंठपुर जनपद पंचायत की अध्यक्ष साथ ही उपाध्यक्ष अभी वर्तमान में सीइओ जनपद पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठी हुई हैं और दोनो जनपद क्षेत्र के समस्त सरपंचों के साथ जनपद सीइओ को हटाने अपने अडिग आत्मिविश्वास के सहारे डटी हुई हैं और लगातार सीइओ को हटाने वह अभियान भी चला रही हैं।

वहीं विरोध की असल वजह को लेकर कुछ कहना सही नहीं होगा क्योंकि सभी का अपना अपना इसको लेकर तर्क है जहां एक तरफ इसे सीइओ जनपद की ईमानदारी की वजह से उपजा गतिरोध बताया जा रहा है विरोध बताया जा रहा हैं वहीं यह भी पक्ष सामने आया है की ग्राम पंचायतों में मूलभूत कार्यों के लिए भी भुगतान नहीं हो पा रहा है इसलिए विरोध है सीईओ का और यह भी एक वजह है सीइओ के विरोध का। खैर वजह जो भी हो लेकिन जहां सीइओ के विरोध में भाजपा नेत्री एवम जनपद अध्यक्ष का अपनी ही पार्टी में कद बढ़ता हुआ नजर आ रहा है उन्हे पार्टी पूरा समर्थन दे रही है वहीं कांग्रेस नेत्री जनपद उपाध्यक्ष को पार्टी से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है और उन्हे अब जनपद उपाध्यक्ष के भरोसे अपना विरोध दर्ज करना पड़ रहा है जो देखने को भी मिल रहा है।

### जनपद उपाध्यक्ष के पक्ष में जनपद अध्यक्ष भी डटकर खड़ी, वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष के आंदोलन से किया किनारा

जनपद उपाध्यक्ष के पक्ष में जनपद अध्यक्ष भी डटकर खड़ी हैं और वह सीइओ को हटाकर ही दम लेंगी ऐसा उनका कहना भी है। वैसे यदि जनपद उपाध्यक्ष को उनके पार्टी का सहयोग मिलता बात बहोत आगे नहीं बढ़ती और बातचीत से ही समाधान निकल जाता लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं और बात बिगड़ी और आंदोलन तक की नौबत आई और जिसमे भाजपा नेताओं के साथ जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के समर्थक कांग्रेस नेताओं ने भी आंदोलन में भाग लिया और अपनी ही सरकार में आंदोलन किया। आंदोलन की भनक और कांग्रेस पार्टी से लोगों के शामिल होने की जानकारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस को होने पर उन्होंने मामले में कोई निष्कर्ष निकालने अपनी ही पार्टी की उपाध्यक्ष की साख बचाने कोई प्रयास नहीं किया बशर्ते उन्होंने पत्र जारी कर पार्टी को आंदोलन से अलग बता दिया और आंदोलन से किनारा कर लिया।

### जनपद अध्यक्ष ने खुलकर जनपद उपाध्यक्ष का किया समर्थन

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के आंदोलन से किनारा करने वाले पत्र के जारी करने के बाद जनपद उपाध्यक्ष जब अकेली पड़ गईं तब जनपद अध्यक्ष ने उनके साथ दिया और खुलकर उनके समर्थन में समाने आई और विधायक को लेकर सोशल मीडिया पर भड़ास निकाली। जनपद अध्यक्ष ने कहा की महिला उपाध्यक्ष के साथ वह खड़ी हैं जबकि विधायक को खड़ा होना था जबकि महिला उपाध्यक्ष के खिलाफ जनपद सीइओ ने एफआईआर का भी प्रयास किया था और उस समय भी विधायक को साथ होना था उपाध्यक्ष के जबकि उन्होंने साथ नहीं दिया। जनपद उपाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर विधायक को लिखा है की जब सीइओ जनपद बैकुंठपुर महिला उपाध्यक्ष से दुर्व्यवहार कर रहे थे उन्हे धमकी दे रहे थे तब विधायक सहित कांग्रेस के लोग मौन थे और अब जब उपाध्यक्ष सहित पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र के सरपंच एकजुट होकर सीइओ का विरोध कर रहें हैं विधायक सहित कांग्रेस सीइओ के पक्ष में खड़ी नजर आ रही है और उन्हे बचाने अब नया नया षड्यंत्र रच रही है।

### जनपद उपाध्यक्ष के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहीं हैं जनपद अध्यक्ष

जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर के साथ जनपद अध्यक्ष कदम से कदम मिलाकर चल रहीं हैं। ऐसा देखकर नहीं लगता की दोनो विपरीत राजनीतिक दलों से हैं और उनकी विचारधारा अलग है। जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष की जोड़ी आज बैकुंठपुर जनपद में दोस्ती की अजीब मिशाल बन चुकी है। जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं और उनकी ही वजह से भाजपा के नेता भी जनपद मामले में आक्रामक होने से खुद को नहीं रोक रहें हैं और जनपद अध्यक्ष का हर तरह से साथ दे रहें हैं वहीं जनपद अध्यक्ष भी उपाध्यक्ष को लेकर इतनी गंभीर हैं की वह उपाध्यक्ष के साथ हुए दुर्व्यवहार एवम उनको धमकी दिए जाने मामले में विधायक तक पर आरोप लगाने से पीछे नहीं हट रहीं हैं बशर्ते वह अत्यंत आक्रामक हो चुकी हैं जो सोशल मीडिया पर देखा जा सकता है। आज बैकुंठपुर जनपद अध्यक्ष जो की महिला हैं की आक्रामकता जो विधायक को लेकर दिख रही है वह विपक्ष को एक नई मजबूती प्रदान कर रही है और एक जुझारू महिला नेत्री भाजपा के खेमे में उपलब्ध है यह साबित करता उनका व्यवहार सामने आ रहा है।जनपद अध्यक्ष की सोच भी ऊंची कही जा सकती है जो वह अपने दल से नहीं होने के बावजूद भी जनपद उपाध्यक्ष के पक्ष में नजर आ रही हैं उनके लिए विधायक से भी वह टकराने तैयार हैं।

### विधायक ने जनपद उपाध्यक्ष से कर लिया है किनारा

जनपद उपाध्यक्ष जो कभी विधायक की खास थीं जिनका पूरा परिवार जो आरंभ से ही कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ था से कांग्रेस की विधायक ने किनारा कर लिया है ऐसा समझ में भी आने लगा है। विधायक जो बिना जनपद उपाध्यक्ष कहीं जाया नहीं करती थीं आजकल जनपद उपाध्यक्ष के बगैर ही सभी क्षेत्रों खासकर जनपद उपाध्यक्ष के क्षेत्र में भी भ्रमण पर नजर आती हैं जो आश्चर्यजनक भी लगता है। कुल मिलाकर विधायक ने जनपद उपाध्यक्ष से पूरी तरह किनारा कर लिया है यह समझ में भी आने लगा है। वहीं विधायक के जनपद उपाध्यक्ष से किनारा करने के बाद उनके साथ जनपद अध्यक्ष का मजबूत साथ नजर आ रहा है जो देखा जा रहा है।

### कहीं भाजपा में शामिल न हो जाएं जनपद उपाध्यक्ष?

अपनी ही पार्टी में उपेक्षित जनपद उपाध्यक्ष कहीं भाजपा में प्रवेश न कर जाएं यह भी संभावना बनती नजर आने लगी है। यदि ऐसा होता है तो इसका पूरा श्रेय जनपद अध्यक्ष को जायेगा जिन्होंने मुस्किल समय में भी उपाध्यक्ष का साथ नहीं छोड़ा। भाजपा के लिए भी उपलब्धि होगी क्योंकि ऐन चुनावी वर्ष में एक मजबूत नेतृत्व महिला नेत्री के रूप में उन्हे मिल सकेगा जो कांग्रेस से टूटकर उन्हे मिलेगा। वैसे भी उपाध्यक्ष का कद कांग्रेस ने लगातार घटाया ही है।

### कांग्रेस संगठन ने उपाध्यक्ष से बना ली है पर्याप्त दूरी

जनपद उपाध्यक्ष से कांग्रेस संगठन ने भी दूरी बना ली है और यह विधायक के इशारे पर हुआ है यह भी सामने आ चुका है। जनपद उपाध्यक्ष लगातार सीइओ जनपद का विरोध करती रहीं और उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई और इससे वह व्यथित भी हुईं यह भी देखा गया।

# एसईसीएल ऑफिसर क्लब में जिला प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित




- संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज एसईसीएल ऑफिसर क्लब में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जरूरतमंदों को आवश्यक समय पर रक्त के लिए भटकना ना पड़े और उन्हें आसानी से रक्त मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में कलेक्टर श्री लंगेह सपत्नीक पहुंचे और रक्तदान किया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने भी मानव सेवा में रक्त का दान किया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर श्री लंगेह ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने शिविर की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ब्लड जांच कराई और इसके बाद रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला कमांडेंट श्री शेखर बोर्नवरकर ने रक्तदान किया। इसी तरह डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल ने भी रक्तदान किया। शिविर में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी जरूरतमंदो की रक्षा के लिए रक्तदान किया। शिविर में मीडिया प्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। प्रशासन की लोगों से रक्तदान कर मानव सेवा में सहयोग करने की अपील के फलस्वरूप आमजन भी स्वप्रेरणा से रक्तदान करने आगे आए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं एसईसीएल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 27 जनवरी को प्रधानमंत्री विद्यार्थियों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा:देवेन्द्र तिवारी




- संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी बताया की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा का छठवां संस्करण 27 जनवरी को आयोजित होगा। परीक्षा की तैयारी कैसे करें विद्यार्थी, तनावमुक्त वातावरण कैसे बनाएं, सहित विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे, इस मौके पर पूरे देश के बच्चे प्रधानमंत्री जी से सीधे जुड़ेंगे।

कोरिया जिले में परीक्षा पे चर्चा के लिए समिति का गठन किया गया है जो विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित करेगी और टीवी, प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को जोड़ने का कार्य करेगी। 19 को होगी आर्ट एवं पेंटिंग स्पर्धा जिला एवं मंडल स्तर पर गठित समिति भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल की देखरेख में 19 जनवरी को आर्ट एवं पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन कर रही है। जिसके लिए 16-17-18 जनवरी को विद्यार्थियों का पंजीयन किया जाएगा। इस कार्य के लिए समिति के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों से समपर्क स्थापित किया गया है।

# विधायक कमरो ने 1 करोड़ से भी अधिक के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



- संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** प्रदेश की संवेदनशील भूपेश सरकार के नेतृत्व में समूचे प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। हमारी सरकार हर वर्ग के हित के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से मिल रहा है। नगर पंचायत खोंगापानी भी विकास से अछूता नहीं है। सरकार की महती योजना पौनी पसारी से जहां क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे लाभार्थी अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए सक्षम होंगे वहीं बुनियादी सुविधाओं में भी तीव्र गति से इजाफा हो रहा है।

उक्त बातें सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नगर पंचायत खोंगापानी में 1 करोड़ से भी अधिक के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों के भूमि पूजन के दौरान कही। विधायक कमरो ने नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड क्र. 4 एकतानगर में 15 लाख की लागत से सूर्योदय पांल से स्टाप डेम तक सीसी रोड निर्माण कार्य के साथ एकतानगर मुख्य मार्ग से रतन केंवट के घर तक नाली निर्माण कार्य 13 लाख, वार्ड क्र. 1 में मेन रोड से तालाब घाट तक सीसी रोड निर्माण 12 लाख, वार्ड क्र. 1 में ही नगर पंचायत खोंगापानी के मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण 8 लाख 11 हजार, वार्ड क्र. में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, वार्ड क्र. 8 में सांस्कृतिक मंच का सौंदर्यीकरण कार्य 3 लाख, वार्ड क्र. 8 में ही राजीव गांधी चौक के सामने सौंदर्यीकरण कार्य 3 लाख, वार्ड क्र. 13 में तालाब सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट निर्माण कार्य 8 लाख 86 हजार, वार्ड क्र. 4 में सामुदायिक भवन एवं गार्डन पार्क निर्माण कार्य 5-5 लाख, वार्ड क्र. 4 में ही सांस्कृतिक रंगमंच निर्माण कार्य 4 लाख, नगर पंचायत खोंगापानी में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य 7 लाख 86 हजार तथा पौनी पसारी योजना के तहत 25 लाख 53 हजार की लागत से शेड निर्माण कार्य सहित कुल लागत 1 करोड़ 15 लाख 36 हजार रूपए के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कर क्षेत्र में विकास को गति प्रदान की। विधायक कमरो ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले 4 वर्षों में लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अनेक नवाचारी कार्यों की शुरूआत की है। राज्य सरकार सभी वर्गों को साथ में लेकर छत्तीसगढ़ को समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, नगर पंचायत सीएमओ तरूण एक्का, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ध्रुपद चौहान, एसपी सिंह, शरण सिंह,

# प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती,सब्जी व्यापारियों को सब्जी बाजार में स्थानांतरित करने में प्रशासन हुआ विफल

- **कुछ करोड़ पति लालची व्यापारियों के लालच ने सुंदर शहर को नर्क बनाने में अब भी नहीं छोड़ रहे कोई कसर**
- **दुकानों के सामने लगा रहे फुटपाथियो से करते हैं अवैध उगाही प्रतिदिन तीन सौ से पांच रुपए लेने के बाद लगाने देते हैं दुकान**
- **व्यापारिक करते हैं बाजार सिफ्टिग का विरोध,विरोध के आगे प्रशासन को जाना पड़ता है बैकफुट पर**
- **नगर पालिका के द्वारा शहर में दुकान से बाहर लगाए समान हटाने को लेकर चेतावनी**

- रवि सिंह-




**मनेंद्रगढ़ 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** शहर में ट्रैफिक जाम ने पूरे शहर को बर्बाद कर डाला है,धन्ना सेठों के दुकान के सामने पड़ी सड़क पर दुकान लगाने वालों से अतिरिक्त कमाने की लालच ने पूरे शहर में जाम लगाने की स्थिति पैदा कर दी है स्कूल और अस्पताल बैंकों में जाने वाले लोग दिन भर परेशान देखे जा सकते हैं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से मुख्य शहर को खाली कराकर सब्जी मंडी में बाजार लगाए जाने की लगातार मांग उठ रही है, नया नया जिला बना है लोगों में इस बात की काफी खुशी देखी गई थी कि जिला बनेगा कलेक्टर साहब बैठेंगे एसपी साहब यहां मौजूद रहेंगे लोगों को इस समस्या से निजात मिलेगी लेकिन लोगों के मंशा के अनुरूप अभी तक ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है नगर के लगभग व्यापारी अपने दुकानों के सामने कपड़ा सब्जी फल सहित अन्य कई प्रकार की फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले से प्रतिदिन तीन से पांच सौ रुपए अतिरिक्त कमाने वाले सेठो के आगे नगर पालिका प्रशासन नतमस्तक नजर आ रहा है, सेठों की अधिक कमाने की लालच ने पूरे शहर को नर्क बना डाला है।

विदित हो कि मनेंद्रगढ़ शहर जाम की स्थिति काफी पुरानी है, सड़क के दोनों तरफ व्यापारियों की दुकानें हैं एक तरफ जहां कुछ व्यापारी अपना बिक्री हेतु सामान आधा सड़क पर लगाते हैं वही जो लोग अपनी दुकानों से सामान बाहर नहीं करते उनके द्वारा एक नया धंधा चालू किया गया है जो अपने दुकान के सामने फुटपाथ व्यापारियों को जगह देता है उससे प्रतिदिन तीन सौ पांच सौ सात सौ रुपए की वसूली कर दुकानों के सामने इन फुटकर व्यापारियों को जगह देता है और इस तरह से पूरा शहर जाम की स्थिति से जूझ रहा है व्यापारियों की थोड़ी लालच मनेंद्र गढ़ के व्यापार को बर्बाद कर रहा है बताया जाता है कि मनेंद्र गढ़ शहर में मध्य प्रदेश के राजनगर रामनगर बिजुरी खोंगा पानी लेदरी चिरमिरी बैकुठपुर चर्चा से काफी लोग खरीदी के लिए मनेंद्रगढ़ शहर आया करते थे किंतु ट्राफिक व्यवस्था गाड़ी खड़ा करने का उत्तम स्थान नहीं होने के कारण लोगों ने अब इस इलाके में खरीदी करना लगभग बंद कर दिया है यही वजह है कि कुछ लालची प्रवृत्ति के व्यापारियों के चक्कर में मनेंद्रगढ़ का व्यापार भी काफी प्रभावित हुआ है, शहर के प्रबुद्ध जनों और व्यापारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अब केवल इस शहर का उद्धार जिला प्रशासन ही कर सकता है जब तक जिले के कलेक्टर साहब एसपी साहब और एसडीएम साहब की एक सामूहिक टीम शहर में घूम कर इन लालची व्यापारियों पर कार्यवाही नहीं करती तब तक शहर की जाम की स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सकता।

### नगर पालिका प्रशासन ने इस समस्या के निराकरण का किया था प्रयास

ऐसा नहीं है कि नगर पालिका प्रशासन ने इस समस्या के निराकरण के लिए प्रयास नहीं किए हैं पूर्व में कई बार जनप्रतिनिधियों और नगरीय निकाय एवं पुलिस अधिकारियों ने सड़क पर निकल कर बाजार को शिफ्ट कराने का प्रयास किया था लेकिन इन लालची व्यापारियों के नेतागिरी के आगे प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों के प्रयास विफल हुए हैं जनप्रतिनिधि अपने मत पाने की लालसा में इन व्यापारियों का खुलकर विरोध नहीं कर पाते, वही शहर में अन्य कई व्यापारी नेता भी हैं जो व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं उनके द्वारा भी इसका कोई विरोध नहीं किया जाता, यही कारण है कि प्रशासन इनके आगे झुक जाता है और यह जाम की स्थिति आज भी कोढ़ की तरह पूरे शहर को बीमार कर रखी है, आपातकाल स्थिति में यदि शहर के किसकी दुकान में आगजनी की घटना घटित होती है तो फायर बिग्रेड भी समय पर नहीं पहुंच पाएगा और इस तरह से पूरा शहर इससे प्रभावित होगा शहर वासियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे, इसी प्रकार यदि कोई नागरिक को आपातकालीन स्थिति में अस्पताल ले जाना पड़े तो भी वह व्यक्ति समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकेगा और काल के गाल में समा जाएगा, लालची प्रवृत्ति के व्यापारियों का थोड़ा लालच शहर को बर्बाद करने में तुला हुआ है।

### मनेंद्रगढ़ शहर जिला मुख्यालय के रूप में एक नई पहचान पा लिया पर स्थिति जस की तस

मनेंद्रगढ़ शहर अब जिला मुख्यालय के रूप में एक नई पहचान पा लिया है अब यहां के व्यापारियों सहित नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि जिला के तौर-तरीकों को पालन करने में शासन प्रशासन का सहयोग प्रदान करें, उन्हें चाहिए कि अपने दुकान के सामने लगा रहे फुटपाथ व्यापारियों के लिए शासन के द्वारा बनाया गया बाजार जो पिछले कई वर्षों से बनकर तैयार है वहां इन्हें तत्काल स्थानत्रित करने में अपना सहयोग प्रदान करें, आज से ही अपनी अपनी दुकान के सामने लग रही सभी फुटपाथ व्यापारियों के लिए बनी दुकानों पर भेजने हेतु ताकि प्रतिदिन जाम की स्थिति झेल रहे छात्र-छात्राओं सहित अस्पताल आने जाने वाले नागरिकों एंबुलेंस एवं बैंकों को पहुंचने वाले शहरी और ग्रामीणों को होने वाली दिक्कतों से काबू पाया जा सके।

## पाकिस्तानी नागरिकों की ओर से स्वदेश भेजी जाने वाली रकम हुई कम

इस्लामाबाद ।दूसरे देशों में काम कर रहे पाकिस्तानी नागरिकों की ओर से स्वदेश भेजी जाने वाली रकम लगातार घट रही है। दिसंबर में यह सिर्फ दो अरब डॉलर रह गई। यह 31 महीनों का सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी केंद्रीय बैंक एसबीपी ने कहा है कि विदेशों से पाकिस्तान भेजी गई राशि दिसंबर 2022 में 2.04 अरब डॉलर रही है जो एक साल पहले की समान अवधि के 2.52 अरब डॉलर की तुलना में 19 प्रतिशत है। विदेशों से आने वाले धन की मात्रा नवंबर 2022 में 2.10 अरब डॉलर रही ।इस तरह नवंबर की तुलना में दिसंबर में यह राशि तीन प्रतिशत घट गई। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के पहले छह महीनों (जुलाई-दिसंबर) में विदेश में कार्यरत पाकिस्तानी नागरिकों ने कुल 14 अरब डॉलर की रकम अपने घर भेजी ।एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले यह 11 प्रतिशत कम है। आंकड़ों से साफ होता हैं कि सऊदी अरब में काम करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों ने दिसंबर में 51.6 करोड़ डॉलर की रकम भेजी जो एक महीने पहले की तुलना में चार प्रतिशत है। वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 32.9 करोड़ डॉलर की राशि भेजी गई।

## अमेरिका के दक्षिण क्षेत्र में भयंकर तूफान छह लोगों की मौत

### -कई हजारों घरों में नहीं बिजली

वाशिंगटन ।अमेरिका के दक्षिण क्षेत्र में भयंकर तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है।इससे मध्य अलबामा में कम से कम छह लोगों की जान चली गई और जॉर्जिया में एक अन्य की मौत हो गई।वहीं हजारों लोगों को बिजली न होने की वजह से परेशानी का सामना भी करना पड़ा। काउंटी के आपात सेवा के प्रबंधन निदेशक ने कहा कि सेल्मा से 66 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में अलबामा के ऑटुगा काउंटी में कम से कम छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और तूफान से अनुमानित 40 से 50 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।वहीं कम से कम 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें आपात सेवा कर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कर्मी गिरे पेड़ों को हटाने काम कर रहे हैं ताकि इसतरह के लोगों की तलाश की जा सके जिन्हें मदद की जरूरत हो।''कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिनका अभी कुछ पता भी नहीं चल पाया है।मलबे को हटाने का काम जारी है। अलबामा में करीब 40000 लोगों ने बिना बिजली के रात काटी।जॉर्जिया में करीब 86000 लोगों ने बिजली न होने के कारण परेशानी झेली।

## पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी पर लगा 16 लाख डालर जुर्माना

न्यूयार्क ।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी पर शुक्रवार को 16 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। ट्रंप की कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने नौकरी के महंगे भत्तों पर व्यक्तिगत आयकरों को कम भरा था। पिछले महीने साजिश रचने और व्यापार संबंधी दस्तावेजों में गड़बड़ी समेत कर संबंधी 17 अपराधों में दोषी पाए जाने के बावजूद ट्रंप की कंपनी पर अदालत सिर्फ जुर्माना लगा सकती थी।न्यायाधीश जुआन मैनुअल मेर्कान ने कानून के तहत अधिकतम जुर्माना लगाया।हालांकि यह अधिकारियों के छोटे समूह द्वारा की गई कर चोरी का सिर्फ दोगुना है। इस मुकदमे में ट्रंप के खिलाफ जांच नहीं हो रही है और उन्होंने अपने अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से कर चोरी करने की किसी घटना की जानकारी होने से इनकार कर दिया। यह जुर्माना ट्रंप टॉवर के एक घर की कीमत से भी कम है और इससे कंपनी के संचालन या भविष्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा लेकिन दोष साबित होने से रिपब्लिकन नेता की छवि को नुकसान होगा।उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए अभियान शुरू किया है।

## उइगर मुस्लिमों पर पाक की टिप्पणी से बिफरा ड्रैगन पाक विदेश मंत्रालय ने कहा हैक की गई वेबसाइट

इस्लामाबाद।भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो और उनका विदेश मंत्रालय इस समय भारी तनाव में है।वजह है चीन जिसकी दुखती रग पर पाकिस्तान ने हाथ रख दिया है।दरअसल चीन के चेंगदू शहर में स्थित पाकिस्तानी महावाणिज्य दूतावास के ट्विटर अकाउंट ने उइगुर मुस्लिमों के अधिकारों को लेकर एक विवादित ट्वीट कर दिया है। इस ट्वीट के बाद पाकिस्तानी सोशल मीडिया में बवाल मच गया और विदेश मंत्रालय ने ट्वीट करके सफाई दी कि इस अकाउंट को हैक कर लिया गया है। इस पूरी घटना के करीब 24 घंटे बाद भी विवादित ट्वीट को पाकिस्तान सरकार डिलीट नहीं कर पाई है। चेंगदू के पाकिस्तानी महावाणिज्य दूतावास की ओर से किए गए ट्वीट में कहा गया है कि पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय बाढ़ पुर्ननिर्माण को भेजी गई मदद के लिए चीन का शुक्रगुजार है।दोनों देश उइगर समुदाय के अधिकारों और स्वतंत्रता समेत आपसी हित के मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे। असल में चीन लाखों उइगर मुस्लिमों को कैद करके नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर किए हुए है।इसको लेकर पूरी दुनिया चीन की कड़ी आलोचना करती रहती है।यही नहीं अमेरिका समेत कई देशों ने उइगरों पर अत्याचार को देखते हुए चीन के खिलाफ कई प्रतिबंध लगा रखे हैं।इसी वजह से चीन के लिए उइगरों का मुद्दा बहुत ही संवेदनशील है। दुनिया जहां उइगर मुस्लिमों के अत्याचार आवाज उठाती रही है।वहीं खुद को मुस्लिमों का रहनुमा कहने वाला पाकिस्तान चुप्पी साधे हुए है। चीन के कर्ज तले दबा पाकिस्तान एक शब्द भी उइगर मुस्लिमों के खिलाफ नहीं बोलता है।इमरान खान के पीएम रहने के दौरान जब उनसे उइगर मुस्लिमों का सवाल पूछा गया तो वह पूरी तरह से कन्नी काट गए।इसी वजह से इस ट्वीट के बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय में हड़कंप मच गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पहले एक ट्वीट किया और फिर उसे तत्काल डिलीट कर दिया। इसके बाद दोबारा किए गए ट्वीट में उसने दावा किया कि पाकिस्तानी महावाणिज्य दूतावास के अकाउंट को हैक कर लिया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा। आज के दिन इस अकाउंट से किया गया ट्वीट न तो पाकिस्तानी काउंसलेट ने किया है और न ही पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक रुख को दिखाता है।

## यूरोप में स्वीडन में पाया गया अर्थ मेटल का सबसे बड़ा भंडार खत्म होगी चीन की दावेदारी

स्टॉकहोम ।यूरोप में दुर्लभ अर्थ मेटल का सबसे भंडार स्वीडन में पाया गया है।यहां पाई जाने वाली धातुओं से टर्बाइन से लेकर स्मार्टफोन तक सब कुछ बनाया जा सकता है। अगर इस भंडार को प्राकृतिक खजाना कहा जाए तो गलत नहीं होगा। भंडार करीब 10 लाख टन से अधिक का है।इसकी खोज सरकारी खनन कंपनी एलकेएबी ने स्टॉकहोम से उत्तर में करीब 1000 किमी दूर की है। ये धातुएं चीन से यूरोप के निर्यात को कम करने में बेहद अहम भूमिका निभा सकती हैं। यूरोपीय संघ इस्तेमाल की जाने वाले दुर्लभ अर्थ मेटल का करीब 98 फीसदी चीन से आयात करता है। यूरोपियम सेरियम नियोडिमियम प्रेसियोडीमियम और डिस्प्रोसियम जैसे रेयर अर्थ मेटल के कई तरह के उपयोग हैं।इनमें से कुछ औद्योगिक इस्तेमाल के लिए मैग्नेट बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।जबकि अन्य का उपयोग ऑप्टिकल लेंस और ग्लास पॉलिशिंग के लिए क्या जाता है।स्वीडन में पाया गया अधिकांश भंडार लौह अयस्क हैं। स्वीडन यूरोपीय संघ में लौह अयस्क के उत्पादन का करीब 90 फीसदी हिस्सा है।यह खोज बहुत बड़ी है लेकिन साइट पर खनन शुरू होने में कम से कम 10 साल लगेंगे। रेयर अर्थ मेटल को निकालना न सिर्फ बेहद मुश्किल है बल्कि पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है।इसलिए इसकी मंजूरी मिलना एक लंबी प्रक्रिया है। ऑब्जर्वर्स को उम्मीद है कि 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ने के साथ-साथ रेयर अर्थ मेटल की मांग पांच गुना बढ़ जाएगी।आंतरिक बाजार के यूरोपीय कमिश्नर थिएरी ब्रेटन ने कहा कि लिथियम और रेयर अर्थ मेटल जल्द ही तेल और गैस की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो जाएंगे।दुनिया भर में 120 मिलियन टन रेयर अर्थ मेटल हैं। स्वीडन में पाया गया भंडार इसका एक प्रतिशत से भी कम है। इन मेटल्स को निकालने पर चीन का वैश्विक प्रभुत्व है। इसने अनिवार्य पर्यावरणीय जांच के बिना रिफाइनरियों में भारी निवेश किया है।



बांग्लादेशी राजधानी ढाका के बाहरी इलाके टोंगी में मुस्लिम मण्डली इज्तेमा में भाग लेने के लिए भीड़भाड़ वाली ट्रेन से जाते हुए।

## पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री का दावा पाकिस्तान पर 100 अरब का कर्ज

कराची ।पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। देश में नकदी संकट आ गया है। विदेशी मुद्रा भंडार 31 महीनों के सबसे निचले स्तर पर है। दिसंबर 2022 के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में सिर्फ दो बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार ही शेष बचा है जबकि देश पर कर्ज बढ़ता जा रहा है।पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने एक आर्टिकल लिखा है जिसमें उन्होंने बताया है कि पाकिस्तान पर 100 अरब का कर्ज है। उसमें से 21 अरब डॉलर का कर्ज इसी चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान को चुकाना है। साथ ही अगले तीन वर्षों के दौरान हर साल लगभग 70 बिलियन डॉलर की बड़ी राशि कर्जदाताओं को लौटानी होगी।इस्माइल ने लिखा है अब से चार साल बाद क्या होगा? क्या हमने अपने देनदारों को करीब 90 अरब डॉलर का भुगतान कर दिया है और केवल 10 अरब डॉलर का ही कर्ज हम पर बकाया है? दुर्भाग्यवश नहीं। अपने उधारदाताओं का कर्ज चुकाने के लिए हमारे पास कोई संसाधन नहीं है।इसके बाद हमें बस एक देनदार से लेकर दूसरे देनदार को चुकाने के लिए उधार लेने की ही कोशिश करनी होगी।पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने लिखा है कि अब से चार साल बाद हमें दुनियाभर के कर्जदारों को इस साल के 21 अरब डॉलर से ज्यादा चुकाना होगा और उसके बाद हर साल थोड़ा ज्यादा ही चुकाना होगा। इसके बाद पाकिस्तान अधिक से अधिक कर्ज में डूबता चला जाएगा जब तक कि हम कुछ नया नहीं कर लेते। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि इसलिए हमें अधिक निर्यात करने पर जोर देना चाहिए और करंट अकाउंट सरप्लस चलाना चाहिए।

# श्रीलंका ने 2030 तक सेना को आधा करने की योजना की घोषणा की

**कोलंबो (एजेंसी)।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे श्रीलंका ने तकनीकी और रणनीतिक रूप से मजबूत और संतुलित रक्षा बल तैयार करने के लिए 2030 तक अपनी सेना की मौजूदा संख्या घटाकर आधी करने की योजना की घोषणा की। श्रीलंका सरकार ने यह कदम 2023 के बजट में स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए आवंटित राशि की तुलना में सैन्य व्यय के लिए आवंटन अधिक किये जाने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच उठाया है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक सेना की 200,783 की मौजूदा ताकत को घटाकर 100,000 कर दिया जाएगा।



मंत्रालय ने कहा कि अगले साल तक यह संख्या 135,000 तक सीमित कर दी जाएगी। राज्य की रक्षा मंत्री प्रमिथा बंडारा टेनाकून के हवाले से जारी बयान में कहा गया है, ''रणनीतिक खाके का समग्र उद्देश्य वर्ष 2030 तक तकनीकी और सामरिक रूप से मजबूत और पूर्णरूपेण संतुलित रक्षा बल को आगामी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है।'' वर्ष 2023 के बजट में 539 अरब रुपये के रक्षा आवंटन की आलोचना हुई है, क्योंकि श्रीलंका 1948 के बाद से अपने सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

विदेशी मुद्रा की कमी के कारण श्रीलंका ईंधन, उर्वरक और दवाओं सहित प्रमुख आयातों का खर्च वहन करने में असमर्थ था, जिसके कारण लंबी-लंबी कतारें लगीं। स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए 2023 के बजट में प्रत्येक के लिए 300 अरब रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। हालांकि, 2009 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम (एलटीटीई) के साथ संघर्ष समाप्त होने के बाद से लगभग 400,000 की सैन्य ताकत को आधा कर दिया गया था।

इसके बावजूद सैनिकों की 200,000 से अधिक की मौजूदा संख्या को भी अत्यधिक करार दिया गया है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने पिछले साल कहा था कि नई चुनौतियों का सामना करने के लिए श्रीलंका की सेना तैयार करने के वास्ते सैन्य रणनीति में सुधार की आवश्यकता है। तमिल अल्पसंख्यक और अधिकार समूह उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के संघर्ष वाले क्षेत्रों में सैन्य कटौती की मांग कर रहे हैं।

## तालिबान ने लिया पाकिस्तान से बदला! पेशावर में टीटीपी के आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर किया हमला, तीन की मौत

**मास्को (एजेंसी)।** पेशावर। पाकिस्तान में पेशावर के उपनगरीय इलाके में भारी हथियारों से लैस तालिबानी आतंकवादियों ने शनिवार को पुलिस थाने पर हमला कर एक वरिष्ठ अधिकारी समेत तीन पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पेशावर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) काशिफ अब्बासी ने कहा कि करीब छह से सात आतंकवादियों ने खैबर कबायली जिले की सीमा से लगे सरबंद पुलिस थाने पर हथगोले, स्वचालित हथियारों और स्नाइपर बंदूकों से हमला किया। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। इस हमले में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में मारे गए तीन पुलिसकर्मियों में पुलिस उपाधीक्षक सरदार हुसैन और दो कांस्टेबल शामिल हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पुलिस प्रमुख मोअज्जम अंसारी ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने थाने पर हुए आतंकवादी हमले को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और आतंकवादियों का बहादुरी से मुकाबला किया। पुलिस थाने की इमारत में घुसने के दौरान हुई गोलीबारी में पुलिस उपाधीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गये।इसके बाद उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री महमूद खान ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में पुलिस का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। टीटीपी के प्रवक्ता मुहम्मद खुरासानी ने एक बयान में कहा कि उनके मुजाहिदीन ने कल रात पेशावर में दो पुलिस चौकियों पर लेजर बंदूक से हमला किया।

## ब्राजील की शीर्ष अदालत ने दंगों को लेकर जेयर बोल्सोनारो के खिलाफ जांच को मंजूरी दी

**रियो डी जिनेरियो (एजेंसी)।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने देश की राजधानी में आठ जनवरी को हुए दंगों को लेकर व्यापक कार्रवाई के तहत पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को भी जांच के दायरे में लाने की मंजूरी दे दी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, जस्टिस एलेक्जांद्रे डी मोरेस ने बोल्सोनारो के खिलाफ जांच के महाभियोजक कार्यालय के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इस कार्यालय ने अपने अनुरोध में दंगों के दो दिन बाद बोल्सोनारो द्वारा फेसबुक पर पोस्ट किए गए वीडियो का जिक्र किया।

वीडियो में दावा किया गया था कि लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा मतों के आधार पर राष्ट्रपति नहीं बने, बल्कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट और ब्राजील के निर्वाचन प्राधिकरण ने चुना है। हाल में गठित अभियोजकों के समूह ने शुक्रवार को तर्क दिया था कि भले ही बोल्सोनारो ने यह वीडियो दंगों के बाद साझा किया था, लेकिन इसकी सामग्री उनके पहले के आचरण की जांच को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त है। बोल्सोनारो ने इस वीडियो को अगले दिन सुबह हटा दिया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बोल्सोनारो के वकील फ्रेडरिक वासेफ ने एक बयान में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति आठ जनवरी को हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं, लेकिन उन्होंने इन इसके लिए प्रदर्शनकारियों के बीच घुसे ''बाहरी तत्वों'' को जिम्मेदार ठहराया। अभी तक यह जांच बोल्सोनारो के कार्यकाल में न्याय मंत्री रहे एंडरसन टोरेस पर केंद्रित थी, जो दो जनवरी को संघीय जिला सुरक्षा प्रमुख बने थे और दंगे के दिन अमेरिका में थे। डी मोरेस ने टोरेस की इस सप्ताह गिरफ्तारी का आदेश दिया और उनके कार्यों को ''लापरवाही एवं सांठगांठ'' करार देते हुए जांच का आदेश दिया। डी मोरेस ने कहा कि टोरेस ने अपने अधीनस्थों को बर्खास्त कर दिया और दंगे से पहले देश छोड़ दिया जो इस बात का संकेत है कि वह अशांति पैदा करने के लिए जानबूझकर आधार तैयार कर रहे थे।

न्याय मंत्री फ्लेवियो डिनो ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सुरक्षा प्रमुख की गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया है और उन्हें तीन दिन के भीतर वापस आना होगा, अन्यथा ब्राजील उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध करेगा। टोरेस ने स्वयं पर लगे आरोपों का खंडन किया है। उल्लेखनीय है कि बोल्सोनारो के समर्थकों ने आठ जनवरी को राजधानी में सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति भवन और अन्य संस्थानों पर धावा बोला दिया था।

# चीन में कोरोना से इस महीने में मर गए 60 हजार लोग, 64प्र. आबादी संक्रमित

**लीमा (एजेंसी)।** चीन में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। जीरो कोविड पॉलिसी में ढील के बाद से लगातार देश कोविड के प्रकोप से जूझ रहा है। हालात दिनों-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। चीन ने जीरो कोविड पॉलिसी हटने के बाद पहली बार कोरोना से हुई मौत का आधिकारिक आंकड़ा जारी किया है। चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 8 दिसंबर से 12 जनवरी चत 60 हजार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में ज्यादातर की उम्र 65 साल से अधिक बताई गई है।



मरने वालों की संख्या में कोविड-19 की वजह से श्वसन विफलता के कारण 5,503 मौतें और कोविड -19 के साथ संयुक्त अन्य बीमारियों से 54,435 मौतें शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि वे मौतें अस्पतालों में हुईं, जिससे यह संभावना बनी रही कि और लोग भी घर पर मर गए होंगे। 8 जनवरी को आधिकारिक टोल 5,272 था। चीनी सरकार ने एंटी-वायरस नियंत्रणों को अचानक हटाने के बाद दिसंबर की शुरुआत में कोविड-19 संक्रमण और मौतों पर डेटा देना बंद कर दिया था।

वहीं चीन के स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वाले कोविड रोगियों की संख्या में गिरावट जारी है और चीन ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड से लड़ने के लिए जमीनी स्तर के चिकित्साकर्मियों के प्रशिक्षण को मजबूत करेगा।। इधर चीन की पेकिंग यूनिवर्सिटी की रिसर्च के अनुसार 11 जनवरी तक देश की 64प्र. आबादी यानी 90 करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि गांसु प्रांत की 91प्र. आबादी हेनान प्रांत की 89प्र. आबादी, युनान की 84प्र. आबादी और किंघाई प्रांत की 80त्न आबादी संक्रमित है।

## यूक्रेनी सैनिक के सीने में धसा जिंदा ग्रेनेड डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाला

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन में युद्ध के दौरान सैनिक की छाती में धंसे जिंदा ग्रेनेड को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। ऑपरेशन में शामिल डॉक्टरों को सैनिक की जान बचाने के लिए नायक के तौर पर सम्मानित किया गया है। यह ग्रेनेड बखमुत की लड़ाई में सैनिक की छाती में फंस गया था। गनीमत रही कि ग्रेनेड फटा नहीं। सैनिक के शरीर में धंसे विस्फोटक को वीओजी ग्रेनेड के नाम से जाना जाता है। इस ग्रेनेड लांचर से फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है। बखमुत को जीतने के लिए रूस और यूक्रेन में भीषण युद्ध जारी है। बखमुत में यूक्रेन की कई खदाने हैं जिस पर कब्जे के लिए पुतिन की निजी आर्मी वेगनर ग्रुप एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के अनुसार ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों को ग्रेनेड के कभी भी फटने का खतरा था। इसके बावजूद सर्जन मेजर जनरल एंड्री वर्बा ने सफलतापूर्वक सर्जरी की और ग्रेनेड को बाहर निकाल लिया। ग्रेनेड को फटने से रोकने के लिए दो अन्य सैनिकों की इस साहसिक ऑपरेशन में मदद ली गई। यूक्रेनी सेना के सबसे अनुभवी सर्जनों में से एक मेजर जनरल एंड्रयू विलो ने बताया कि हमारे सैन्य डॉक्टरों ने एक वीओजी ग्रेनेड को निकालने के लिए एक ऑपरेशन को अंजाम दिया। यह ऑपरेशन दो बम निरोधक दस्ते के सैनिकों की मौजूदगी में चला जिन्होंने डॉक्टरों और रोगी की सुरक्षा की निगरानी की। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन को बिना इलेक्ट्रोकोएग्यूलेशन के अंजाम दिया गया क्योंकि उससे ग्रेनेड के फटने का खतरा था। यूक्रेनी सेना ने ऑपरेशन के दौरान सैनिक के छाती की एक्सरे तस्वीरें भी जारी की।

## चीन-भूटान के बीच कुन?मिंग शहर में हुई बैठक में तीन चरणों वाले रोडमैप को आगे बढ़ाने पर बनी सहमति

### -चीन और भूटान के बीच हुई यह बातचीत भारत के लिहाज से बेहद अहम

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत के दो सबसे अहम पड़ोसी देशों चीन और भूटान के बीच शुक्रवार को कुन?मिंग शहर में बातचीत हुई है। चीन और भूटान दोनों के ही अधिकारी तीन चरणों वाले रोडमैप को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। बताया जा रहा है कि चीन और भूटान के बीच यह पूरी बातचीत दो विवादित इलाकों पर फोकस रही। इसमें पहला-डोकलाम तथा उससे लगी भूटान की पश्चिमी सीमा। इसके साथ ही भारत-चीन-भूटान ट्राईजंक्शन और दूसरा भूटान के उत्तरी सीमा पर स्थित जाकरलुंग और पासमलुंग घाटी।

विश्लेषकों का मानना है कि चीन और भूटान के बीच सीमा को लेकर कोई भी बातचीत बेहद अहम है और नई दिल्ली को इसे लेकर सतर्क रहना होगा। भूटान और चीन के बीच बातचीत के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है। चीन-भूटान सीमा बातचीत को तेज करने के लिए तीन चरणों वाले रोडमैप को लागू करने पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया गया। इसमें एक सकारात्मक सहमति भी बनी है। भूटान के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय सीमा को देखने वाले दाशो लेथो तोबधेन तांगबी ने किया।

उन्होंने चीन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जिसका नेतृत्व होंग लियांग कर रहे थे जो चीनी विदेश मंत्रालय में सीमा विवाद को देखते हैं। यह बातचीत मंगलवार से लेकर शुक्रवार तक चली। इस बातचीत के बाद जारी बयान में कहा गया है कि दोनों ही पक्ष तीन चरणों वाले रोडमैप को एक के बाद एक क्रियान्वित करने को लेकर सहमत हुए हैं। इसके अलावा दोनों देश लगातार संपर्क में बने रहेंगे और सीमा विवाद को लेकर 25वें दौर की बातचीत को जल्द से जल्द आयोजित करेंगे। इस तीन चरणों वाले रोडमैप पर अक्टूबर 2021 में सहमति बनी थी। चीन और भूटान के बीच साल 1984 से लेकर अब तक 24 दौर की सीमा बातचीत हो चुकी है। इस दौरान बातचीत केवल डोकलाम और भारत-चीन-भूटान ट्राइजंक्शन तथा जाकरलुंग और पासमलुंग घाटी को लेकर फोकस रही है।

इस बातचीत के बाद भी चीन ने भूटान के साथ विवाद को बढ़ाते हुए हाल ही में भूटान के पूर्वी सीमा पर साकटेंग वन्यजीव अभ्यारण्य के कई इलाकों पर अपना दावा ठोक दिया है। इस अभ्यारण्य की सीमा भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य से मिलती है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इन विवादों को पश्चिमी। मध्य और पूर्वी सेक्शन करार दिया है। कई विश्लेषकों का मानना है कि चीन भूटान पर दबाव बनाने के लिए ऐसा कर रहा है ताकि वह थिंपू की सरकार चीन के पहले दिए गए डोकलाम को आपस में बदलने के ऑफर को स्वीकार कर ले। चीन का मानना है कि भारत से सटा डोकलाम का इलाका उसके लिए रणनीतिक रूप से अहम है। इसके बदले में चीन भूटान के उत्तरी इलाके में स्थित भूटानी जमीन पर दावा छोड़ देगा। पश्चिमी इलाके को लेकर चीन और भारत के



बीच विवाद है जो करीब 269 वर्ग किलोमीटर है जो भारत की सीमा से सटा हुआ है। साल 2017 में भारतीय सेना की ओर से चीन की चाल को फेल कर देने के बाद डोकलाम को लेकर ड्रैगन नए सिरे से तैयारी कर रहा है। इस? विवाद के बाद चीन ने डोकलाम में अपने सैनिकों की संख?या को काफी बढ़ा दिया है। भूटान पर दबाव बनाने के लिए चीन अब उसकी जमीन में गांव तक बसा रहा है।

# पूर्व मंत्री के बयान पर मुख्यालय में हाई वोल्टेज ड्रामा,नहीं थमा विवादित बयान का मुद्दा,भाजपाई पहुंचे थाने

## भाजपाईयों द्वारा सोशल मीडिया में ओरिजनल व एडिट किया हुआ वीडियो डालकर गलत व अशोभनीय कृत्य बतलाया जा रहा है

- » पत्रकार पर लगा वीडियो एडिट कर छवि धूमिल करने का आरोप
- » संसदीय सचिव के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का लगा आरोप,वीडियो वायरल
- » भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस कर पूर्व मंत्री ने दी सफाई,भाजपाई पहुंचे थाने
- » संसदीय सचिव समर्थक ने भी पूर्व मंत्री को लेकर सोशाल मीडिया में लिखा अपशब्द
- » ओरिजनल वीडियो के बाद अब प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसियों की जमकर किरकिरी हो रही है












- रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** मुख्यालय में शुक्रवार को दिन भर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा,पहले कांग्रेसी और बाद में भाजपाईयों के द्वारा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला, गुरूवार रात से शुरू हुए ड्रामे के बाद मुख्यालय का राजनैतिक माहौल गर्म हो गया है। कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े पर संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव के खिलाफ अमर्यादित भाषा के प्रयोग का आरोप लगा दिया, पहले थाने पहुंचे फिर पूर्व मंत्री की प्रतिकात्मक शव यात्रा निकाली पुतला दहन किया व आमसभा कर पूर्व मंत्री पर जमकर आरोप लगाया। वहीं पूर्व मंत्री श्री राजवाड़े ने भाजपाईयो के साथ मिलकर प्रेस कांफ्रेस किया आरोप को निराधार बतलाया जिसके बाद एकजुट होकर भाजपाई भी थाना पहुंचे और कांग्रेसियों के द्वारा बगैर अनुमति के पुतला दहन करने के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करने का ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ के पूर्व श्रम मंत्री पर कांग्रेसियों के द्वारा संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया इस मुद्दे के बाद जिस प्रकार मुख्यालय का माहौल गरम हो गया है अब वह कहां तक चलेगा देखने वाली बात होगी। कांग्रेसियों के प्रदर्शन के बाद शुक्रवार शाम बीजेपी के पास भी मुद्दे से जुड़ा वीडियो उपलब्ध हो गया जिसे वायरल करते हुए बीजेपी नेताओ ने वीडियो को एडिट कर छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। वीडियो को ध्यान से सुनने और शब्दो को समझने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पूर्व मंत्री ने अपषब्द का प्रयोग बिल्कुल नही किया था, कांग्रेसियो के हाथ एडिट किया गया वीडियो लगा जिसे जमकर वायरल करते हुए पूर्व मंत्री पर आरोप लगाये गए। वहीं संसदीय सचिव ने भी बयान जारी कर पूर्व मंत्री के उम्र का हवाला दे डाला। तो वहीं ओरिजनल वीडियो मिलने के बाद भाजपाई और आक्रोषित हो उठे, देर शाम भाजपा कार्यालय में बैठक बुलाई गई और एक पत्रकार पर वीडियो एडिट करने का संदेह व्यक्त करते हुए सिटी कोतवाली जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### जैसा सोच के वीडियो सुनेंगे वैसा ही सुनाई दे रहा

जानकारों व कुछ बुद्धिजीवी वर्गो से इस विषय में चर्चा की गई तो उन्होंने तत्वों के आधार पर कहा कि जिस सोच के साथ आप उस वीडियो को सुनेंगे आपको लगेगा कि वह वही बोल रहा है, ऐसा अक्सर होता है क्योंकि सोचने व सुनने दोनों में का एक गहरा रिश्ता होता है कई बार हम वही सोचते हैं जो हमें सुनाई देता है कई बार वही सुनते हैं जो हम सोचते हैं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस मामले को समझा जा सकता है वहीं कुछ का कहना है की उम्र को भी देखीए अधिक उम्र में जीभ की लड़खाड़हट भी शब्दों में परिवर्तन ला देती हैं।

### पत्रकार पर लगाया गया है आरोप,जांच की मांग

उक्त ताजा मामले में ओरिजनल वीडियो प्राप्त होते ही भाजपा कार्यालय में बैठक बुलाई गई,जहां रणनीति बनाकर पूर्व मंत्री श्री राजवाड़े के नेतृत्व में सभी सिटी कोतवाली पहुंचे यहां एक ज्ञापन दिया गया और कार्यवाही की मांग की गई। सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 12 जनवरी 2023 को जनपद पंचायत बैकुंठपुर में सीईओ हटाओ जनपद बचाओ के अभियान के तहत जनपद व ग्राम पंचायतो के जनप्रतिनिधियों के साथ सर्वदलीय धरना प्रदर्शन किया गया था, जिसमें मै भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ शामिल हुआ था इस दौरान एक कथित इलेक्ट्रानिक न्यूज चैनल के कोरिया जिला प्रतिनिधि द्वारा खबर के लिए मेरा बयान लिया गया था उक्त बयान के साथ छेड़छाड़ गढेलपारा बैकुंठपुर निवासी एक कथित वरिष्ठ पत्रकार द्वारा आपसी रंजिश व साजिश के तहत मेरी छवि को धूमिल करने के उद्वेश्य से अन्य मीडिया प्रतिनिधियों को दिया गया साथ ही सोशल मीडिया में वायरल किया गया। इसके अलावा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व प्रादेशिक न्यूज चैनल में प्रसारित किया गया, मीडिया व सोशल मीडिया में एक कथित वरिष्ठ पत्रकार के उक्त कृत्य के कारण मेरी व भाजपा पदाधिकारियों की छवि धूमिल हुई है साथ ही शहर का राजनैतिक माहौल खराब हुआ है व राजनैतिक नेताओ का आपसी सौहार्द भी प्रभावित हुआ है। इस वजह से जिला व पुलिस प्रषासन को भी स्थिति नियंत्रण करने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ी है। कथित वरिष्ठ पत्रकार द्वारा सोशल मीडिया में उक्त बयान के वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर वायरल किए जाने के बाद सोशल मीडिया में मेरे खिलाफ कांग्रेस के पदाधिकारियों व अन्य लोगो के द्वारा अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी भी की गई है। जिसकी प्रति संलग्न है, उक्त टिप्पणी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाए व कथित वरिष्ठ पत्रकार के निवास कार्यालय को सील करते हुए उसके मोबाईल, लैपटाप कम्प्युटर को जप्त किया जाए व एक कथित वरिष्ठ पत्रकार के खिलाफ तत्काल अपराधिक मामला पंजीबद्ध कर कड़ी कार्यवाही की जाए, कार्यवाही न किए जाने पर भाजपा द्वारा उग्र आंदोलन व प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के साथ ओरिजनल वीडियो का पेन ड्राईव व सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी की छायाप्रति भी सौपी गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपी मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर व पूलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है। पूर्व मंत्री श्री राजवाड़े ने कोतवाली प्रभारी को उक्त लिखित ज्ञापन सौंपा है इस दौरान भाजपा के अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। इसी के साथ भाजपाईयों द्वारा अब सोशल मीडिया में ओरिजनल व एडिट किया हुआ वीडियो डालकर इसे गलत व अशोभनीय कृत्य बतलाया जा रहा है जिससे कि अब प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसियों की जमकर किरकिरी हो रही है।

### क्या है पूरा मामला

उक्त पूरे मामले के बारे में प्राप्त जानकारी के तहत विगत दिनों जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के खिलाफ जनपद पंचायत के सामने प्रदर्षन किया गया था, प्रदर्शन में अनेक कांग्रेसी,भाजपाई,गोंगपा समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे। उसी दौरान कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव पर निष्क्रियता का आरोप लगाया। व कई बाते कहीं। गुरूवार की देर शाम पूर्व मंत्री के बयान का वीडियो सोशल मीडिया में जारी किया गया और कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री ने संसदीय सचिव पर अमर्यादित भाषा का उपयोग किया है। उनके द्वारा महिलाओ का सम्मान नही किया जाता। तमाम आरोप लगाते हुए अनेक कांग्रेसी गुरूवार की रात सिटी कोतवाली पहुंच गये और पूर्व मंत्री के बयान का वीडियो सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। व पूर्व मंत्री का पुतला दहन सहित अनेक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

### बिना प्रशासन अनुमति के पुतला दहन करने वालो के खिलाफ भाजपाईयो ने थाने में की शिकायत

कांग्रेसियो ने पूर्व मंत्री के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया, युंका नेता संजीव सिंह काजू के नेतृत्व में पुतला भी दहन किया जिसकी अनुमति प्रशासन से नही ली गई थी। जिसके विरोध में भाजपाईयो ने भी सिटी कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर मामला पंजीबद्ध करने की मांग की। इस दौरान पूर्व मंत्री के साथ अनेक भाजपाई साथ थे।

### पूर्व मंत्री ने प्रेस कांफ्रेस कर दी सफाई

कांग्रेसियो द्वारा मुद्दे को गरम किये जाने के बाद पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस आयोजित किया,उन्होने कहा कि जनपद पंचायत के सामने सीईओ हटाओ जनपद बचाओ कार्यक्रम के दौरान मैने बयान दिया था कि खाली चेहरा दिखाने के लिए विधायक बने हो,इसके अलावा मैने कोई बात नही की है। लेकिन सोषल मीडिया में मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर दिखाया जा रहा है।जनता और सरपंच सचिव परेषान है,उस पर काम करो। इसी तरह का बयान मेरे द्वारा दिया गया था। यह और कुछ नही जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह से हार हुई है और वे खिसिया गए है उनकी स्थिति खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह हो गई है हार पचा नही पा रहे हैं। और लोगो का ध्यान भटकाने के लिए बयान को मुद्वा बनाया जा रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे,देवेन्द्र तिवारी,पंकज गुप्ता,अनिल साहू,विनोद साहू,धर्मवती राजवाड़े समेत अनेक भाजपाई मौजूद थे।

### सोशल मीडिया में सक्रिय हुए दोनो पक्ष

पूर्व मंत्री के द्वारा दिए गए बयान को आपत्तिजनक बतलाते हुए अनेक कांग्रेसियो ने उनका बयान सोशल मीडिया में जमकर वायरल किया। पूर्व मंत्री पर सोषल मीडिया में भी आरोप लगाए गए। देखते ही देखते सोषल मीडिया पर भाजपाई भी सक्रिय हुए और खाली चेहरा दिखाने के लिए.जिसकी जैसी सोच उसकी वैसी समझ लिखकर खूब वायरल किया। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर पूरे दिन भर चलता रहा।

### संसदीय सचिव समर्थक ने पूर्व मंत्री को कहा अपशब्द

जिला मुख्यालय में राजनीतिक फिजा एकदम से गरम हो गई है,दोनो नेताओ के समर्थक सोशल मीडिया में एक दूसरे पर आरोप तो लगा ही रहे हैं साथ ही कुछ ऐसे भी समर्थक हैं जो कि सत्ता के नशे में शब्दो की मर्यादा भी भूल बैठे हैं। सत्ता का नषा ऐसा चढा हुआ दिख रहा है कि किसी को भी कुछ भी बोलने लिखने से तनिक भी परहेज नही है। ऐसा ही कमेंट इसी राजनैतिक लड़ाई में देखने को मिला है। मामले मे संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव के समर्थक के रूप में पहचान रखने वाले ज्ञानेंद्र शुक्ला उर्फ जानी ने भी पूर्व मंत्री के खिलाफ अशोभनीय शब्दो का इस्तेमाल कर दिया। एल्डरमैन मोनू मांझी द्वारा पूर्व मंत्री के बयान का विडियो सोषल मीडिया में जारी किया गया जिसमें ज्ञानेंद्र शुक्ला के द्वारा अषोभनीय शब्दो का उपयोग करते हुए यह कमेंट किया गया कि कुत्ता पागल हो गया है,मानसिक संतुलन बिगड़ गया है जहां दिखेगा जूता मारूंगा। उक्त अषोभनीय कमेंट के बाद अब भाजपाई भी मामले को लेकर शिकायत करने के मूड में हैं। कुल मिलाकर जिला मुख्यालय की फिजा ठंड के दिनो में भी गर्म हो गई है। यह वर्ष चुनावी वर्ष है इस वजह से दोनो ही प्रमुख पार्टियों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ मुद्वा मिलते ही सड़क पर उतरकर मामले को बढाया जा रहा है। बहरहाल दोनो ही पार्टियों द्वारा यदि जनता के हित में कोई प्रदर्षन किया जाता तो अलग बात होती।

# उत्थान थीम के साथ कालेज में मना वार्षिकोत्सव,घोषणाओं की लगी झड़ी

## नवीन महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



-संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** शनिवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष वार्षिकोत्सव की थीम उत्थान रखा गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न विधाओं (खेल, रंगोली, मॉडल प्रदर्शनी, सलाद सज्जा इत्यादि) का आयोजन किया गया।वार्षिकोत्सव का मुख्य अतिथि खेलसाय सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जीत परिधानों के साथ सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, गेडी नृत्य, ज्वारा नृत्य आदि के माध्यम से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का समग्र रूप से प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एच.एन. दुबे के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात् विधायक के द्वारा छात्र छात्राओं व महाविद्यालय के विकास हेतु विधायक मद से बाउण्ड्रीवॉल (आहत्ता) निर्माण के लिए दस लाख रूपये, कैंटिन निर्माण के लिए पाँच लाख रूपये, मंच की छज्जा निर्माण के लिए पाँच लाख रुपये, सैनेटरी वैडिंग मशीन के लिए साठ हजार रूपये तथा नैक मूल्यांकन के लिए तीन लाख रूपये देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती सुखमनिया जगत नगर पंचायत अध्यक्ष एवं आलोक साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा अपने सम्बोधन में महाविद्यालय की उतरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए नगर पंचायत प्रेमनगर की ओर से महाविद्यालय में साइकिल स्टैण्ड निर्माण के लिए तीन लाख रुपये की घोषणा तथा नगर पंचायत प्रेमनगर के एल्डरमेन शिवनारायण गुप्ता के द्वारा आर. ओ. के लिए पच्चास हजार रूपये व राजकुमार साहू , श्रीमती शांति के द्वारा गार्डन निर्माण के लिए एक लाख रूपये देने की घोषणा की गई । इसके साथ ही महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसके पश्चात् रेखा जायसवाल सहायक प्राध्यापक ( समाजशास्त्र) के द्वारा महाविद्यालय के प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में वार्षिक खेलों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ शील्ड मेडल, विधायक तथा अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के द्वारा विधायक को शॉल,श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान धनंजय जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, ज्योत सिंह सरपंच लक्ष्मणपुर शिवनारायण गुप्ता एल्डरमेन नगर पंचायत प्रेमनगर राजकुमार साहू एल्डरमेन नगर पंचायत प्रेमनगर, आई. अंसारी जी डॉ. एच. एन. दुबे प्राचार्य, रेखा जायसवाल सहायक प्राध्यापक हरिशंकर सहायक प्राध्यापक, रवि शंकर उरे सहायक प्राध्यापक हीरालाल सिंह सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता नीलकमल साहू, योगेश कुमार, राजीव कुमार, श्रीमती उर्मिला मिंज, श्रीमती दीपिका सिंह, सत्येन्द्र, शकुन्तला श्रीमती सुभिया सिंह, शिवराम सिंह, अभिभावकगण सहित समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# स्कूलों में मना मकरसंक्रांति का पर्व आसमान में उड़े रंग बिरंगे पतंग




-संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** मकर संक्रांति का पर्व रामानुजनगर के स्कूलों में भी हर्षोल्लास से मनाया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भुनेश्वरपुर, प्राथमिक शाला शिवपुर एवं अन्य स्कूलों में आज बैग लेस डे के दिन विशेष आयोजन हुआ। बच्चों ने स्कूल में पतंग भी उड़ाई।स्कूलों में संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिन पतंग उड़ाने का भी बहुत महत्व है। प्राथमिक शाला शिवपुर के शिक्षक योगेश साहू ने बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता कराया गया।। सेजस प्रचार्या श्रीमती प्रेरणा साहू ने मकर संक्रांति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस पर्व का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है।। शुरुआत प्रातः प्रार्थना, पी.टी., जुंबा डांस आदि से हुई। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बच्चों ने पतंगबाजी का खूब आनंद उठाया। सभी बच्चों और शिक्षकों ने पतंग उड़ाई और मिठाई खाई और एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी। जगदीश साहू , अरुण , चंद्रपाल , अनुराधा मैम, पूजा पांडे , नीरज , सुनैना वही प्राथमिक शाला शिवपुर में प्रधान पाठक ओम प्रकाश वर्मा, योगेश कुमार साहू, मंजू सिंह, रामनिवास तथा विद्यालय के बच्चे सम्मिलित थे।

# बीईओ के प्रयास से स्कूलों में शिक्षा के स्तर में हो रहा उत्तरोत्तर सुधार

-संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** विकास खण्ड में पदस्थ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज के सतत प्रयास से शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर गुणात्मक सुधार हो रहा है।शासन स्तर से जारी निर्देश, कलेक्टर इफ्फत आरा,संयुक्त संचालक हेमन्त उपाध्याय एवम जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में बीईओ पंडित भारद्वाज एवम इनकी टीम, एबीईओ मनोज साहू ,बीआरसी बी आर पैकरा,बीआरपी घनश्याम दुबे, बीपीओ रविनाथ तिवारी, सर्व संकुल प्राचार्य/जनशिक्षक के द्वारा सभी स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग किया जा रहा है, जिसके कारण विद्यालयों में साफ -सफाई, आकर्षक रंग-रोगन,बागवानी विकास,शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुचारू ढंग से हो रहा है। विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिये विकास खण्ड के सभी स्कुलों



को एक तरह के रंग से पोताई कराया गया है, भवनों पर शिक्षा अनुरूप प्रिंटरीच, दीवाल लेखन,चित्रकारी कराया गया है।

विकास खण्ड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उद्देश्य से ÷ हमर विद्यालय-सुघर विद्यालय कार्यक्रम ÷ चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विद्यालय की साफ- सफाई,रंगाई-पोताई, बागवानी, शिक्षक-विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्तर आदि विन्दुओं पर आधारित एक स्वस्थ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इनमें तीन- तीन प्राथमिक /माध्यमिक विद्यालयों को पुरस्कार दिया जाएगा।इस कार्यक्रम को संचालित करने पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सराहा गया।विकास खण्ड के कार्यरत सभी शिक्षकों को छठवें वेतनमान के आधार पर बढ़ते क्रम में वेतन की गणना कर गृह भाड़ा भत्ता, तथा गत माह पदोन्नत सभी प्रधानपाठकों का वेतन निर्धारण एक साथ कर दिया गया,जिससे शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

# मां बागेश्वरी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आज होगा शिव तांडव

-संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** साधुराम सेवा कुंज परिसर में निर्मित मां बागेश्वरी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भजनों की अमृत वर्षा के साथ निकली कलश यात्रा से नगर का माहौल भी भक्तिमय हो गया। श्याम मंदिर से निकली यह कलश यात्रा शहर के केतका रोड, अग्रसेन चौक, नवापारा होते हुए सेवा कुंज स्थित मंदिर में पहुंची, जहां कलश स्थापित किये गये और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान देवीतुल्य महिलाओं का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया



गया। आज रविवार को 11 हजार दीपकों के साथ गायत्री परिवार के द्वारा भव्य दीप यज्ञ व शिव तांडव सहित बनारस की विश्व प्रसिद्ध और आस्था से ओतप्रोत गंगा आरती का आयोजन संपन्न होगा। जिसकी भव्यता देखते ही बनेगी। कलश यात्रा में क्षेत्र की पारंपरिक शैला व सुग्गा नृत्य से लोग काफी प्रभावित हुए। शैला व सुग्गा नर्तक दलों के बीच भजनों की अमृत वर्षा में महिलाएं नाचती-झूमती और माता के जयकारे के साथ सेवाकुंज पहुंची। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह 14 से 16 जनवरी तक साधु राम सेवा कुंज में संपन्न होगा। रविवार को सायं पांच बजे 11 हजार दीपक से दीप यज्ञ गायत्री परिवार के द्वारा किया जायेगा। छह बजे शिव ताण्डव होगा उसके पश्चात सायंकाल में बनारस की विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती वाराणसी से आये ब्राम्हण देवताओं के द्वारा कराया जाएगा। शिव तांडव व गंगा आरती समारोह का विशेष कार्यक्रम होगा इसे लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। सोमवार को सुबह धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत मां बागेश्वरी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। मां बागेश्वरी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीआरए ग्रुप ने भव्य मंदिर का निर्माण कराया है, जिसकी सजावट देखते ही बनती है। आयोजन को सफल बनाने में प्रहलाद राय अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, रमेशचंद अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, कन्हैयालाल अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, रविशंकर अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रांजल अग्रवाल, शिवेन्द्र अग्रवाल, ईशु अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल सक्रिय हैं।

# अब इंग्लैंड को हराने के इरादे से उतरेगा भारत



**राउरकेला,14 जनवरी 2023।** स्पेन पर दबदबे भरी जीत से बेहतरीन तरीके से अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम के सामने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी और वह इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिये आत्मविश्वास से भरी होगी। भारत ने नये बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के शुरूआती मैच में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए स्पेन को 2-0 से हरा दिया लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण होगी। पहले दो क्वार्टर में भारत ने शानदार आक्रामक हॉकी खेली और स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास की मदद से पेनल्टी कॉर्नर में किये गोल से बढ़त बनायी और फिर हार्दिक सिंह की बदौलत इसे दोगुना किया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उप कप्तान रोहिदास ने फिर बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया जिससे मुख्य कोच ग्राहम रीड काफी प्रभावित दिखे। हरमनप्रीत एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ एक और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करना चाहेगी। इंग्लैंड ने वेल्स के खिलाफ जीत में सभी चार क्वार्टर में गोल किये हैं। रीड ने कहा, ''पहला मैच जीतना अच्छा है। लेकिन डिफेंसिव प्रयास देखना सुखद था और हमने गेंद पर कब्जा बनाये रखा। बमुश्किल से कुछेक ही लोग थे जो अच्छा नहीं खेले। आपको विश्व कप में जीतने के लिये इसी चीज की जरूरत होती है। हम इसे अगले मैच में भी जारी रखेंगे। '' अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक भी भारतीय गोल के आगे बेहतरीन थे लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पेने ने भी वेल्स के खिलाफ काफी प्रयासों को विफल किया, विशेषकर अंतिम क्वार्टर में। भारतीयों की एकमात्र कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर थी क्योंकि स्पेन के खिलाफ पांच में से वे किसी एक को भी सीधे गोल में तब्दील नहीं कर सके। हाल के वर्षों में लगभग प्रत्येक टूर्नामेंट में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और शीर्ष स्कोरर रहे हरमनप्रीत हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के अलावा पेनल्टी कॉर्नर से भी गेंद को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। उन्होंने इसे स्वीकार किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रदर्शन की भरपायी करना चाहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारत को भारी पड़ सकता है। भारतीय खिलाड़ियों को साथ ही सतर्क रहना होगा कि उन्हें रैफरी कोई कार्ड नहीं दिखा दे क्योंकि उन्हें स्पेन के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में अभिषेक के बिना ही खेलना पड़ा था जिन्हें फाउल के लिये पीला कार्ड दिखाया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ जीत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जायेगा। मेजबान टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहना चाहेगी और ग्रुप की निचली रैंकिंग की टीम वेल्स के खिलाफ निश्चित रूप से दबदबा बनाये रखेगी। इंग्लैंड विश्व रैंकिंग में भारत से एक स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर है लेकिन दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में बीते वर्षों में ज्यादा अंतर नहीं रहा है। पिछले साल दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन मैच खेले थे। राष्ट्रमंडल खेलों में दोनों के बीच मैच 4-4 से ड्रा रहा था। एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण में मैच 3-3 से ड्रा रहा और इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने 4-3 से जीत दर्ज की।

राष्ट्रमंडल खेल 2002 में 11 गोल से शीर्ष स्कोरर रहे निक बांड्रुक ने वेल्स के खिलाफ गोल किया और बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करने वाले फिल रोपर भी शानदार रहे। इंग्लैंड ने तीन मैदानी गोल किये जिसमें से तीसरा निकोस पार्क ने दागा। लियाम एंसेल ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किये। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 10 मैच जीते हैं जबकि इंग्लैंड की टीम सात मुकाबले ही जीत पायी है और चार मुकाबले ड्रा रहे हैं। स्पेन रविवार को पूल डी के एक अन्य मैच में वेल्स से भिड़ेगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ने के लिये

## सात मैचों के दौरे पर निकली



**बेंगलुरू ,14 जनवरी 2023।** भारतीय महिला हॉकी टीम 16 जनवरी से शुरू होने वाले सात मैचों के अभ्यास दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जायेगी जिसमें दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैच शामिल हैं। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से केप टाउन में चार मैच खेलेगी। इसके बाद 23 जनवरी से तीन मुकाबलों में नीदरलैंड के सामने होगी। सविता ने कहा, ''हम वार्षिक कैलेंडर में काफी अभ्यास मैच आयोजित कराने के लिये हॉकी इंडिया के आभारी हैं क्योंकि इस साल हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी करने और पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने पर ध्यान लगा रहे हैं। '

भारतीय कप्तान को लगता है कि इस दौरे से टीम को एशियाई खेलों से पहले अपने कमजोर पक्ष को जानने और इन पर काम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैच से हमें अपने खेल के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और साथ ही हम जिस विभाग में पिछड़ रहे हैं, उसे भी हम पता कर पायेंगे। बेंगलुरू में दो हफ्ते के शिविर के बाद हम इस दौर के लिये अच्छी तरह तैयार हैं। '' सविता की अगुआई में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था।

# श्रीलंका को क्लीन स्विप करने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम



**तिरूवनंतपुरम ,14 जनवरी 2023।** भारतीय टीम की निगाहें रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जीत से श्रृंखला क्लीन स्वीप करने पर लगी है जिससे कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी लाइन-अप में कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे लेकिन वह गेंदबाजी विकल्पों को आजमाने की कोशिश कर सकते हैं। भारत ने गुवाहाटी में आसान जीत के बाद कोलकाता में शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज कर श्रृंखला में अजेय बढ़त बनायी। अब खिलाड़ी दौरे के अंतिम मैच में भी इसी प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे।

टीम इस मैच के बाद 72 घंटे से भी कम समय में बेहतर प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड से भिड़ेगी और श्रीलंका के खिलाफ इस श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप से खिलाड़ी आगामी सीरीज के लिये आत्मविश्वास से भरे होंगे। कार्यभार प्रबंधन के भले ही अपने फायदे हो लेकिन इसकी कुछ खामियां भी हैं जैसे खिलाड़ी को बीच बीच में आराम देने से वह लय नहीं हासिल कर पाता। हो सकता है यही कारण हो कि भारतीय कप्तान अंतिम मैच में शीर्ष क्रम में ईशान किशन या मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव को नहीं खिलाना चाहें। सभी शीर्ष पांच बल्लेबाज गेंदबाजों के मुफीद ग्रीनफील्ड्स स्टेडियम में श्रीलंकाई आक्रमण के खिलाफ और अधिक बल्लेबाजी करना चाहेंगे जिसमें आल राउंडर हार्दिक पंड्या भी शमिल हैं।

इसलिये हो सकता है कि गेंदबाजी लाइन-अप में कुछ बदलाव हो। भारत 14 दिन के अंदर ही छह 50 ओवर के मैच (तीन श्रीलंका और इतने ही न्यूजीलैंड के खिलाफ) खेलेगा तो मोहम्मद शमी का कार्यभार निश्चित रूप से भारतीय टीम प्रबंधन के लिये चिंता का मुख्य विषय होगा। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उम्मीद है कि शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान भारतीय आक्रमण की जिम्मेदारी संभालें इसलिये उनका कार्यभार को सबसे ज्यादा ध्यान में रखा जायेगा। अगर वह फिट रहेंगे तो उनके इन चार टेस्ट में 125 से 130 ओवर के करीब गेंदबाजी करने की उम्मीद है। बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को विविधता के लिये आजमाया जा सकता है क्योंकि उन्हें भी कुछ 'गेम टाइम' की जरूरत है। अगर विकेट अनुकूल रहता है तो अर्शदीप काफी फायदेमंद हो सकते हैं।

कुलदीप यादव फिर से 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने थे जिन्हें चोटिल युजवेंद्र चहल (कंधे की चोट) की जगह उतारा गया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर वह फिट हो जाते हैं तो कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ क्या करेंगे। अक्षर पटेल न्यूजीलैंड श्रृंखला के दौरान निजी कारणों से ब्रेक लेंगे। अगर टीम इस श्रृंखला से पहले वाशिंगटन सुंदर को आजमाना चाहती है तो तीसरा वनडे आदर्श मंच होगा। बल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल भी अपनी लय जारी रखना चाहेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि किशन पारी का आगाज करने के लिये मजबूत दावेदार हैं। जहां तक श्रीलंकाई टीम का संबंध है तो उसके लिये अच्छी चीज यह रही कि इस 50 ओवर की श्रृंखला से सलामी बल्लेबाज नुआनिदु फर्नांडो जैसी बेहतरीन प्रतिभा सामने आयी जिन्होंने पदार्पण में ही अर्धशतक जड़ा।

टीमें इस प्रकार हैं- भारत- रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, इशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह। श्रीलंका- दासुन शनाका, कुसाल मेंडिस, पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रम, चरित असलंका, धनंजया डिसिल्वा, वानिंदु हसरंगा, अशेन बंडारा, महेश तीक्षणा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान मदुशंका, कासुन राजिता, नुवानिदु फर्नांडो, डुनिथ वेलालागे, प्रमोद मदुशान और लाहिरू कुमारा। समय- मैच दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# शॉ की 18 महीने बाद टी20 टीम में वापसी

**मुंबई ,14 जनवरी 2023।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी के अंत में शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिये पृथ्वी शॉ को 16 सदस्यीय-स्चाड में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह जानकारी दी।

शॉ ने 18 महीने के अंतराल के बाद टी20 स्क्वॉयड में वापसी की है, जबकि उन्होंने भारत के लिये अपना पिछला टी20 मुकाबला जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

शॉ घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं और रणजी ट्रॉफी के हालिया काबले में उन्होंने 379 रन बनाये। मुंबई के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शॉ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022 में भी 181.42 के स्ट्राइक रेट से 332 रन बनाये, जिसमें एक शतक शामिल था।

विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी टी20 सेटअप से बाहर ही है जबकि हार्दिक पांड्या एक और सीरीज में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान चोटिल होने वाले संजू सैमसन टीम से बाहर हैं जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा स्क्वॉयड में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाज हर्षल पटेल को भी स्क्वॉयड से बाहर रखा गया है।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिये टीम की घोषणा करते हुए कहा कि केएल राहुल और अक्षर पटेल पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण उपलब्ध नहीं थे। नतीजतन, केएस भरत और शाहबाज़ अहमद को एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है जबकि कुलदीप यादव ने टी20 टीम में जगह बनायी है।

शार्दुल ठाकुर ने एकदिवसीय टीम में जगह बनायी है, जबकि अर्शदीप सिंह सिर्फ टी20 स्क्वॉयड का हिस्सा हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वनडे मैच 18 जनवरी से खेले जायेंगे, जबकि टी20 सीरीज की शुरुआत 27 जनवरी से होगी।

न्यूजीलैंड सीरीज के लिये भारत की वनडे टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक।

टी20 टीमः- हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी, पृथ्वी शॉ, मुकेश कुमार।

इसी बीच, बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने शुरू होने वाले टेस्ट श्रृंखला के लिये भी टीम की घोषणा की। इस टीम में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और विस्फोटक मध्यक्रम बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को शामिल किया गया है।

भारत नौ फरवरी से नागपुर में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिये भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव।

## विश्वकप में भाग लेने वाले ओडिशा के खिलाड़ियों को मिलेंगे 10-10 लाख

**राउरकेला ,14 जनवरी 2023।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप में भाग लेने वाले ओडिशा के प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

ओडिशा के अमित रोहिदास और नीलम संजीप सेस भारतीय टीम में शामिल है। टीम ने स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत की।

टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता रोहिदास भारतीय टीम के उपकप्तान हैं। भारत की रक्षा पंक्ति के महत्वपूर्ण खिलाड़ी ने अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय गोल किए हैं। रोहिदास के साथ लोकल ब्वाय संजीप सेस भी रक्षा पंक्ति के अहम खिलाड़ी हैं। संजीप का गांव कदोबहाल विश्वकप के आयोजन स्थल बिरसा मुंडा हाकी स्टेडियम से महज कुछ किमी की दूरी पर है। अब तक 30 अंतरराष्ट्रीय कैप और पांच गोल कर चुके संजीप को घरेलू दर्शकों का भरपूर साथ मिलेगा।

# रजनीकांत की फिल्म जेलर से मोहनलाल का पहला लुक जारी



सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म जेलर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए पहली बार अभिनेता, मोहनलाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। अब सोमवार को नेलसन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म जेलर से मोहनलाल का पहला लुक जारी कर दिया है। प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर उनकी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, जेलर के सेट से मोहनलाल का पहला लुक। यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। डॉक्टर एंड बीस्ट फेम नेलसन दिलीप द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रजनीकांत और मोहनलाल पहली बार साथ दिखेंगे। फिल्म में रजनीकांत के अपोजिट ऐश्वर्या राय बच्चन को साइन किया गया है। इससे पहले दोनों 2010 में आई रोबोट में साथ नजर आए थे। जेलर के अलावा रजनीकांत के फैंस को उनकी फिल्म चंद्रमुखी 2 का भी इंतजार है। इस फिल्म में उनके साथ राघव लॉरेंस और अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी नजर आएंगी। यह फिल्म जनवरी 2023 में रिलीज होगी।

## नेहा भसीन ने ब्रा में दिए ऐसे पोज, बोल्ड फिगर देख कर हर कोई बन गया उनका दीवाना



बॉलीवुड सिंगर नेहा भसीन हमेशा अपने स्टनिंग ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड फिगर के चलते लाइमलाइट में बनी हुई रहती हैं। नेहा भसीन हर वक्त अपने सेक्सी लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। नेहा भसीन ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें उनका बोल्ड अंदाज देख कर हर कोई उनकी हॉटनेस पर अपना दिल हार गया है। नेहा भसीन हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। नेहा ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस दिखाई दे रही हैं। पंजाबी इंडस्ट्री में हिट गानों की लिस्ट देने वाली सिंगर नेहा भसीन की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर बवाल मचा रही हैं। इन तस्वीरों में नेहा भसीन ने टाइट फिटेड पेंट और स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई है। नेहा भसीन अपने इस लुक में बेहद ही सुपर हॉट नजर आ रही हैं। फैंस भी उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इन फोटोज में नेहा भसीन अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। नेहा भसीन आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। नेहा भसीन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि नेहा की इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।













## द नाइट मैनेजर में साथ नजर आएंगे आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर आगामी स्ट्रीमिंग शो द नाइट मैनेजर में एक शक्तिशाली व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अनिल कपूर के साथ इसमें आदित्य रॉय कपूर, शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, सास्वत चटर्जी और रवि बहल भी हैं। इस बारे में बात करते हुए अनिल ने कहा, मुझे हमेशा अलग-अलग कंटेंट और किरदारों पर काम करना पसंद है।




पहली बार जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे शैली रूंगटा के किरदार से प्यार हो गया। आगे अनिल कपूर ने कहा, शैली रूंगटा एक शक्तिशाली व्यक्ति है, एक परोपकारी और शो की तरह अगोचर खतरे के साथ बुद्धि और बुराई का एक सही संतुलन है। मैंने उद्योग से कुछ बेहतरीन लोगों के साथ काम करने का पूरा आनंद लिया।

द नाइट मैनेजर का निर्माण और निर्देशन संदीप मोदी ने किया है और सह-निर्देशन प्रियंका घोष ने किया है।

अनिल के सह-अभिनेता, आदित्य रॉय कपूर, जो शो में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, ने एक बयान में कहा, मैं हमेशा से ऐसी सीरीज में ऐसा किरदार निभाना चाहता था और जब इसके लिए मुझसे संपर्क किया, द नाइट मैनेजर में शीषक भूमिका निभाने के लिए, मुझे पता था कि यह वही है जिसकी मुझे तलाश थी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने मकर संक्रांति एवं पोंगल पर्व की दी शुभकामनाएं




रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने मकर संक्रांति एवं पोंगल पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि देश के विभिन्न प्रान्तों में अलग-अलग नामों से मनाये जाने वाले संक्रांति, पोंगल, माघ बीहू जैसे पर्व भारत की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करते हैं और हमें विविधता में एकता के सूत्र में बांधे रखते हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

### मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति,पोंगल और लोहड़ी की दी शुभकामनाएं




रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनता को मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि सूर्य को अन्न धन का दाता और समस्त ऊर्जा का आधार माना गया है। भारत में सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होकर मकर रेखा की ओर जाने का स्वागत उमंग और उत्साह से किया जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसे मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व के नाम से मनाते हैं। मकर संक्रांति का यह त्यौहार ऋतु परिवर्तन का संदेश लेकर आता है। श्री बघेल ने कहा है कि यह पर्व देश, प्रदेश सहित सभी लोगों के जीवन में भी सुखद परिवर्तन लेकर आए।

### मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के जवानों को आर्मी-डे पर शुभकामनाएं दी




रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय सेना के जवानों, अधिकारियों सहित सभी देशवासियों को आर्मी-डे (थल सेना दिवस) पर शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि अपने अदम्य साहस और वीरता से माँ भारती की रक्षा में सदैव समर्पित वीर सपूतों को राष्ट्र गौरवपूर्ण सलाम करता है।

शांतिकाल, युद्धकाल और संकट के समय हमारी सुरक्षा, राहत और बचाव के कार्यों में भारतीय सेना के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारंभ

» रीति रिवाज के साथ की भगवान शिव की पूजा अर्चना

» मुख्यमंत्री ने तातापानी में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के किए दर्शन

» बलरामपुर जिले को मिली 976 करोड़ 47 लाख के 1707 विकास कार्यों की सौगात

रायपुर,14 जनवरी 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मकर संक्रांति के अवसर पर बलरामपुर जिले के ऐतिहासिक तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारंभ किया ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 976 करोड़ 47 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इनमें रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में 284 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 446 विकास कार्यों का लोकार्पण, सामरी विधानसभा क्षेत्र में 777 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 16 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 46 विकास कार्यों का शिलान्यास व 138 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किये गये 20 घोषणाओं तथा 03




निर्देशों का शिलान्यास एवं सामरी विधानसभा क्षेत्र में विद्युत विभाग के दो घोषणा के कार्यों का लोकार्पण किया ।

महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल सामूहिक कन्या विवाह योजनान्तर्गत 501 जोड़ों के विवाह समारोह में सम्मिलित हुए तथा नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया ।

धार्मिक मान्यताओं व भूमिगत गर्म जल स्त्रोत के नाम से प्रसिद्ध तातापानी में प्रत्येक वर्ष की भांति मकर संक्रांति पर्व पर वृहद मेला लगता है । जहां जिले के पड़ोसी राज्यों झारखण्ड, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं । लोगों की श्रद्धा व आस्था का सम्मान करते हुए प्रतिवर्ष जिला प्रशासन के द्वारा तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने श्री बघेल ने रीति रिवाज से ऐतिहासिक तातापानी में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर यहां स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के भी दर्शन किए। इसके पश्चात उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं पर आधारित विकास कार्यों की स्टॉल के माध्यम से लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

तातापानी संक्रांति परब के अवसर पर स्कूल शिक्षा व आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन विभाग के संसदीय सचिव व सामरी विधायक चिन्तामणी महाराज, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह सहित क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए ।

## एम्स हास्पिटल ने 18 श्रमिकों को नियम विरूद्ध हटाया

» पुर्नबहाली नहीं होने पर 18, 23 एवं 27 को रहेंगे हड़ताल पर

» केन्द्र सरकार के अस्पताल में नियमित नियुक्ति नहीं



रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। केन्द्र सरकार द्वारा निर्मित एम्स हॉस्पिटल रायपुर में ठेका प्रथा के माध्यम से श्रमिकों की भर्ती की गई, उक्त भर्ती नियम विरूद्ध है। नियमित नियुक्ति करने के बजाय ठेके पर कर्मचारियों को नियमित सेवा देने के बाद भी 18 सदस्यों को गैर कानूनी रूप से नौकरी से बाहर किया गया। अग्रिम रूप से अनुपस्थिति दर्ज कर मनमाना वेतन कटौती, एस.सी./एस.टी एवं महिला कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रताड़ित किया जाना, श्रम कानूनों का परिपालन न होना, समय पर मजदूरी भुगतान न होना आदि मुद्दों को उजागर करते हुये एम्स ठेका श्रमिक दिनांक 18, 23 एवं 27 जनवरी 2023 को एक-दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे।

उक्त जानकारी एम्स आउट सोर्सिंग एम्पलाईज यूनियन रायपुर के उपाध्यक्ष एससी भट्टाचार्य, अध्यक्ष मारूति डोंगरे एवं इनटुक के वरिष्ठ नेता धरमराज महापात्र ने संयुक्त रूप से दी। भट्टाचार्य ने बताया कि यूनियन द्वारा अनेकों मर्तबा डायरेक्टर एम्स से अनुरोध किया गया था कि उक्त मुद्दों पर चर्चा हेतु यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को अवसर प्रदान करें, लेकिन आज तक एम्स प्रबंधन से कोई सकारात्मक रूख प्रदर्शित नही हुआ है, अतः ठेका श्रमिक आंदोलन हड़ताल के तैयारियों में जुटे हैं। एम्स अस्पताल में मजदूरों का शोषण एवं श्रम कानुनों का परिपालन नही होने के चलते जिन परिस्थितियों का निर्माण हुआ है उस ओर माननीय केन्द्रीय स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्री, प्रदेश के सांसदों एवं सभी राजनीतिक दलों को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। एम्स के डायरेक्टर एम. नितिन नागरकर द्वारा आउट सोर्सिंग ठेकेदारों को समर्थन देना उनकी कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। डायरेक्टर द्वारा निष्काषित कर्मियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करना निश्चित रूप से एम्स हॉस्पिटल की नियुक्ति प्रणाली पर संदेह उत्पन्न करता है। निष्कासित श्रमिकों में संगीता सोनी, लक्ष्मी दीप, नरेन्द्र तिवारी, रमेशचन्द्र श्रीवास्तव, लता, थानेश्वरी, बरखा, कुंती, सुनीता साहू, दीपक साहू, कांति वर्मा, कृष्णा, योगेश्वरी सोना, दशरू, हरीश खापरडे, अरूण कुमार गुप्ता, अमित डावले, डाल सिंह, अरूण पात्रा, कांति साहू, हरीश विश्वकर्मा, रमेश यादव, घनश्याम कुम्हारे, दानेश्वर मानिकपुरी एवं भीम मंडावी शामिल हैं।



## क्या रमन सिंह बनेंगे केन्द्रीय मंत्री ?

### इस सवाल पर पूर्व सीएम ने क्या जवाब दिया

रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। मैं छत्तीसगढ़ में अच्छा लगता हूं, छत्तीसगढ़ मुझको अच्छा लगता है, अभी कोई दिल्ली जाने का इरादा नहीं है केंद्रीय मंत्री बनने की अटकलों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने ये बयान दिया है। दरअसल केंद्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व बढ़ने को लेकर काफी वक्त से चर्चाएं चल रही है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के सांसद व शीर्ष नेता दिल्ली भी पहुंचे थे, कयास लग रहे हैं कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर दिल्ली में लंबी राय शुमारी हुई है।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के भी केंद्रीय मंत्री बनाने की अटकलें लग रही थी, लेकिन आज रमन सिंह ने अपनी दावेदारी को ये कहते हुए खारिज कर दिया कि वो छत्तीसगढ़ में ही खुश हैं और दिल्ली जाने का कोई इरादा नहीं है।पिछले दिनों जब रमन सिंह को केंद्रीय मंत्री बनाने की अटकलें लग रही थी,तो उस दौरान कांग्रेस ने रमन सिंह को पहले ही बधाई दे दी थी। रमन सिंह ने उस बधाई पर हंसते हुए जवाब दिया कि, वो लोग तो यही चाहते हैं, लेकिन अभी मेरा दिल्ली जाने का कोई इरादा नहीं है।

## अब मुंबई के लिए नई फ्लाइट

### ऑनलाइन शुरू हो गई है बुकिंग

रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। प्रदेशवासियों को रायपुर से मुम्बई के लिए एक और फ्लाइट मिलने जा रही है. माना स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए 19 जनवरी को यह नई फ्लाइट उड़ान भरेगी. यह फ्लाइट रायपुर से सुबह 9.05 को उड़ान भरकर 10.55 को मुंबई पहुंचेगी. वहीं मुंबई से यही फ्लाइट 11.35 को उड़ान भरकर 1.35 को रायपुर पहुंचेगी.



मुम्बई के लिए अक दिन में मिलेंगी 5 फ्लाइट्सः रायपुर से मुंबई के लिए अभी इंडिगो एयरलाइंस की 3 फ्लाइट और एयर इंडिया की एक फ्लाइट संचालित है. नई फ्लाइट के शुरु होने से यात्रियों को एक दिन में ही 5 फ्लाइट्स रायपुर से मुंबई के लिए मिलेंगी. जानकारी के अनुसार, इस फ्लाइट का किराया अभी बेहद कम रखा गया है. इस फ्लाइट की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू हो गई है. यह फ्लाइट बुधवार को संचालित नहीं होगी. बाकी सभी दिनों में लोग इस फ्लाइट से यात्रा कर सकेंगे।

रायपुर से कई शहरों के लिए मिलने लगी फ्लाइट्सः हाल ही में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से गोवा के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की शुरुआत की गई थी. जिसमें काफी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं. इस उड़ान के शुरू होने के बाद अब रायपुर से अलग अलग शहरों के लिए फ्लाइट्स मिलने लगी है. रायपुर से अमृतसर के लिए भी कनेक्टिंग फ्लाइट मिलने वाली है. दिसंबर 2022 में ही रायपुर से चेन्नई के लिए भी विमान सेवा शुरू हुई. इंडिगो एयरलाइंस द्वारा रायपुर-चेन्नई-कोयंबटूर की उड़ान 13 दिसंबर से शुरू की गई थी।



## कांग्रेस ने सभी मंत्रियों के लिए जारी किया फरमान

### जिले के पदाधिकारियों को महत्व दें

रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। कांग्रेस ने सभी मंत्रियों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सभी मंत्री जिलों के प्रवास के दौरान जिले के पदाधिकारियों को महत्व दें। उनके कार्यक्रमों में पार्टी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाए। पदाधिकारियों से जिले के दौरे के दौरान मंत्री भेंट करें। कांग्रेस भवनों में मंत्री की कार्यकर्ताओं से मुलाकात हो।

बता दें प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की बैठक में इस तरह की शिकायतें मिली थी कि मंत्रियों द्वारा संगठन को महत्त्व नहीं दिया जाता। इसी के मद्देनजर शैलजा के निर्देश पर यह पत्र जारी किया गया है।

## बीईओ को सस्पेंड करने पर बोले सीएम भूपेश बघेल

### गलत है मंत्री-विधायक के घर जाने का आदेश देना

रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। कुरूद मामले में सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि बीईओ पर कार्रवाई करना सही निर्णय है, उन्होंने कहा कि मंत्री विधायक के घर जाने का आदेश देना गलत है, किसी के घर भागवत हो तो बीईओ का आदेश गलत है। सीएम ने कहा कि बच्चों को आदेश दिया, इसलिए कार्रवाई की गई है। इसी मामले में इधर रायपुर में भाजपा नेता अजय चंद्राकर ने के बयान पर कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा है कि घ्टरू भूपेश बघेल की सभी ग्रंथों के प्रति श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि अजय चंद्राकर राजनीतिक रूप से टिप्पणी करते हैं, अजय चंद्राकर अपने विवेक से काम करें। बता दें कि अजय चंद्राकर ने कहा था कि सीएम भूपेश बघेल भागवत को नहीं मानते।



गौरतलब है कि जिले के कुरूद में भागवत कथा सुनने के लिए बीईओ फतेह मोहम्मद कोया द्वारा आदेश जारी किए जाने की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुरूद बीईओ को तत्काल हटाने के निर्देश डीईओ को दिए थे।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएम को शिकायत मिली कि कुरुद विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद एफएम कोया ने कुरुद के खेल मेला मैदान में आयोजित जया किशोरी की भागवत कथा सुनने ब्लॉक के सभी स्कूलों के प्रमुखों को बच्चों को लाने निर्देश जारी किया है। इस शिकायत को सीएम भूपेश बघेल ने गम्भीरता से लेते हुए बीईओ को तत्काल हटाने के आदेश दिए थे।

## नक्सल आपरेशन में निकले थे जवान

### जोरदार धमाका एएसआई बुरी तरह से घायल

बीजापुर14 जनवरी 2023(ए)। आईईडी की चपेट में आने से एक एएसआई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल एएसआई का नाम मोहम्मद असलब बताया जा रहा है। घटना बीजापुर की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर-सुकमा सड़क पर पेगड़ापल्ली के पास माओवादियों ने पहले से ही आईईडी प्लांट कर रखी हुई थी। शनिवार सुबह सर्च आपरेशन में लगे सीआरपीएफ 153 बटालियन के जवान निकले हुए थे। इसी दौरान कैंप से कुछ ही दूरी पर माओवादियों की लगाई प्रेशर आईईडी की चपेट में सीआरपीएफ के एएसआई मोहम्मद असलम आ गये। आईईडी पर पैर रखते ही जोरदार विस्फोट हो गया। घटना में एएसआई के पैर के चिथड़े उड़ गए। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की लगाई आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के एक एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। धमाका इतना जबरदस्त था कि एएसआई मोहम्मद असलम के सीधे पैर के चिथड़े उड़ गए हैं।



साथी जवान घायल एएसआई को बासागुड़ा के अस्पताल लेकर आए हैं। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए चॉपर से रायपुर रेफर किया जाएगा। मामला जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र का है।अन्य जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इस घटना के बाद साथी जवानों ने घायल को फौरन मौके से निकालकर बासागुड़ा के अस्पताल लाया है। जहां उनका इलाज जारी है।



## एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए फीस तय

### निजी कॉलेजों में इतने लगेंगे

रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। प्रदेश के तीन निजी मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए फीस तय कर दी गई है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने शनिवार को इस आशय की मंजूरी दी है। बताया गया कि निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस के पाठ्यक्रम के लिए 7 लाख 99 हजार 187 रुपये से 7 लाख 45 हजार रुपये फीस तय किए गए हैं।




## बीजेपी नेताओं द्वारा चौपाटी निर्माण का विरोध

### धरना स्थल पहुंचे रमन सिंह समेत बीजेपी के कई बड़े नेता

रायपुर, 14 जनवरी 2023(ए)। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में चौपाटी निर्माण के विरोध में भाजपा का अनिश्चितकालीन आंदोलन पिछले 11 दिनों से जारी था। लेकिन आज 11वे दिन आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है। पूर्व मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में 4 जनवरी से भाजपा कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन आंदोलन में बैठे थे। बता दें कि अवैध चौपाटी निर्माण के विरोध में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना को समर्थन देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव , नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल आज समर्थन देने पहुंचे थे।

धरने में भाजपा जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे,नंदे साहू सहित वरिष्ठ नेतागण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)